रोहतक
बुधवार, 17 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 28, अंक : 171
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 35.5
न्यून. 29.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 हरमनप्रीत टी20 रैंकिंग में 12वें और शेफाली 15वें स्थान पर

## खबर संक्षेप



### ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की ट्रेनिंग रद

**पुणे।** पूजा ने यूपीएससी को दिए हलफनामे में दावा किया है कि वह मानसिक रूप से अक्षम हैं। उन्हें देखने में भी दिक्कत होती है। पूजा ने मेडिकल टेस्ट देने से 6 बार मना किया था, जबकि मेडिकल टेस्ट देना जरूरी होता है। विवादों में फंसी महाराष्ट्र कैडर की आईएएस पूजा खेडकर की ट्रेनिंग को रद कर दिया गया। महाराष्ट्र ने उन्हें कार्यमुक्त किया है। पूजा को वापस उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एकेडमी बुलाया गया है। एजेंसी

### सुप्रीम कोर्ट में दो न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर महादेवन को मंगलवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। उनके शपथ ग्रहण के बाद उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश सहित कुल न्यायाधीशों की संख्या फिर से 34 हो जाएगी। शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत अधिकतम संख्या 34 है। भाषा

### शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर

**मुंबई।** तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 51.69 अंक यानी 0.06 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.30 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,613 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 74.55 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 24,661.25 अंक तक गया था। भाषा

### सोना 75,700 रुपये का दस ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 550 रुपये बढ़कर 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं चांदी भी 400 रुपये बढ़कर 94,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ विश्लेषक मानव मोदी ने कहा, ''ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी गई।' भाषा

### दिल्ली में पीयूसीसी केंद्र दूसरे दिन भी बंद रहे

**नई दिल्ली।** प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि से असंतुष्ट पेट्रोल डीलरों की हड़ताल के तहत लगातार दूसरे दिन दिल्ली में पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) केंद्र बंद रहे। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि पेट्रोल पंपों के अलावा अन्य स्थानों पर स्थित 300 पीयूसीसी केंद्र खुले हैं और लोग वहां जा सकते हैं। भाषा

### अकाल तख्त के समक्ष पेश होंगे सुखबीर बादल

**चंडीगढ़।** अकाल तख्त के जत्थेदार द्वारा सुखबीर बादल को तलब किए जाने के एक दिन बाद शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख ने कहा कि वह एक धर्मनिष्ठ सिख के तौर पर सिखों के सर्वोच्च धार्मिक निकाय के समक्ष पेश होंगे। जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने बादल को अकाल तख्त के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बागी नेताओं के आरोपों पर लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा था। भाषा

## हरियाणा में कांग्रेस सत्ता में आई तो ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देगी

*महेंद्रगढ़ में गरजे केंद्रीय गृहमंत्री शाह, कांग्रेस और हुड्डा पर किए तीखे प्रहार*

**महेंद्रगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का आरोप लगाया और दावा किया कि अगर विपक्षी पार्टी हरियाणा में सत्ता में आती है, तो वह पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देगी। शाह ने यहां 'पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण प्रदान करने के लिए 1950 के दशक में गठित काका कालेलकर आयोग का जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस ने इसकी सिफारिशों को वर्षों तक लागू नहीं किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, '1980 में (तत्कालीन प्रधानमंत्री) इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। इसे 1990 में जब स्वीकार किया गया तो (पूर्व प्रधानमंत्री) राजीव गांधी ने ढाई घंटे का भाषण दिया था और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण का विरोध किया था।' शाह ने कहा, 'कर्नाटक में कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। अगर वे हरियाणा में (सत्ता में) आते हैं तो यहां भी ऐसा ही होगा।' *(पेज 2 भी देखें)*



### भाजपा ऐसा नहीं होने देगी

शह ने कहा, 'मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम हरियाणा में मुसलमानों के लिए आरक्षण की अनुमति नहीं देंगे।' शाह ने कहा कि भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ हरियाणा में सरकार बनाएगी। हरियाणा में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। शाह का पिछले एक पखवाड़े में हरियाणा का यह दूसरा दौरा है। उन्होंने 29 जून को पंचकूला में पार्टी की विस्तारित राज्य कार्यकारिणी की बैठक के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। शाह ने कहा कि शाह ने कहा कि आज यहां से मंच से भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता का आह्वान करना चाहता हूं। भाजपा के पास हर गांव का हिसाब है।

### ओबीसी क्रीमीलेयर की सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख की

- शाह ने कहा, केंद्र सरकार की तर्ज पर हरियाणा में भी पिछड़ा वर्ग के लिए क्रीमीलेयर की सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख वार्षिक करने का निर्णय लिया है। भारत सरकार की तर्ज पर इसमें वेतन और कृषि से आय को जोड़ा नहीं जाएगा, इससे लाखों लोगों को लाभ होगा।
- हरियाणा की सरकार ने एक और ऐतिहासिक फैसला लेते हुए पंचायतों, नगर निगम और पालिकाओं में भी पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण को बढ़ाया है। वर्तमान में पंचायती राज संस्थाओं के लिए बीसी-ए वर्ग में 8% आरक्षण का प्रावधान था, अब बीसी-बी वर्ग के लिए भी 5 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा।
- इससे बहुत बड़े स्तर पर हरियाणा की जनता को आरक्षण का फायदा मिलेगा। शहरी स्थानीय निकायों में बीसी-ए वर्ग में 8 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, अब बीसी-बी वर्ग के लिए भी 5 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा। इसकी अधिसूचना भी मौके पर ही जारी कर दी गई है।

## डोडा में कई घंटे मुठभेड़, राजनाथ और सेना प्रमुख ने जताया शोक

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला कैप्टन समेत चार जवान शहीद

**हमले में एक पुलिस कर्मी की भी मौत**

उपराज्यपाल सिन्हा ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी/भाषा ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में सेना के कैप्टन समेत 4 जवान शहीद हो गए। एक पुलिसकर्मी की भी मौत हुई है। यानी कुल 5 लोगों की जान गई है। राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस यहां सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान आतंकियों ने हमला कर दिया। आतंकियों के सफाए के लिए अतिरिक्त बल भेजा है। कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी और कुर्बानी का बदला लेने का संकल्प जताया। पिछले तीन सप्ताह में डोडा के जंगलों में यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है। यह घटना कठुआ के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकियों द्वारा घात लगाकर किए हमले के एक सप्ताह बाद हुई है, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे। राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार को डोडा से 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरबागी में संयुक्त घेराबंदी व तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

### आज पैतृक आवास पर अंतिम विदाई



### भीषण गोलीबारी हुई

अधिकारियों ने बताया कि दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हुई। एक अधिकारी के नेतृत्व में बहादुर जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगल के बावजूद उनका पीछा किया, जिसके बाद रात करीब नौ बजे जंगल में फिर से गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए और अधिकारी समेत चार जवानों ने बाद में दम तोड़ दिया। व्हाइट कोर के नाम से पहचाने जाने वाली सेना की 16वीं कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से डोडा के उत्तरी क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था।

### ये शहीद हुए

शहीद हुए राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों में कैप्टन बृजेश थापा पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग के रहने वाले थे। सिपाही बृजेंद्र, सिपाही अजय राजस्थान के झुंझुनूं के रहने वाले थे और नायक डी राजेश की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। वहीं, पुलिस का एक जवान भी शहीद हुआ है।

**आतंकी संगठन कश्मीर टाइगर्स ने ली जिम्मेदारी :** हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कश्मीर टाइगर्स ने ली है। संगठन ने दावा किया है कि उनके हमले में आर्मी के कैप्टन समेत 12 जवान मारे गए हैं, जबकि 6 घायल हैं।

### दो दिन पहले हुई थापा की परिजनों से बात

कैप्टन बृजेश थापा (27) का जन्म 15 जनवरी को आर्मी डे के दिन हुआ था। उनकी मां नीलिमा ने बताया कि आखिरी बार रविवार को बेटे से बात हुई थी। उन्होंने कहा कि मुझे अपने बेटे के बलिदान पर गर्व है। अगर हम अपने बेटे को सीमा पर नहीं भेजेंगे, तो देश के लिए कौन लड़ेगा।

### किसने क्या कहा



- आतंकवाद विरोधी अभियान में हमारे बहादुर और साहसी भारतीय सेना के जवानों की मौत से गहरा दुःख हुआ। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। राष्ट्र मजबूती से उनके साथ खड़ा है। सुरक्षाबल इस क्षेत्र में आतंकवाद को खतम करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। **-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**
- आज जम्मू-कश्मीर में फिर से एक आतंकी मुठभेड़ में हमारे जवान शहीद हो गए। शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। लगातार हो रहे ये आतंकी हमले जम्मू-कश्मीर की जर्जर स्थिति बयान कर रहे हैं। सरकार को तुरंत कदम उठाने होंगे। **-राहुल गांधी, कांग्रेस**

## नीट-यूजी पर्चा लीक मामले में दो आरोपित और गिरफ्तार

### सीबीआई ने मुख्य आरोपित पंकज को पकड़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीबीआई ने मंगलवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पर्चा लीक मामले में प्रमुख आरोपित सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के नाम पंकज और राजू हैं। पंकज को पटना और राजकुमार सिंह उर्फ राजू को झारखंड के हजारीबाग से पकड़ा गया है। पंकज पर नीट का पेपर चोरी करने का आरोप है। वहीं, राजू ने इसे आगे बढ़ाया। उन्होंने बताया कि इन दो गिरफ्तारियों के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा में लीक, प्रतिरूपण और अन्य अनियमितताओं से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या अब 14 हो गई है।

### एनटीए के ट्रंक से चुराया पर्चा

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर पंकज कुमार उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया है, जिसने हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के ट्रंक से नीट-यूजी का प्रश्नपत्र कथित तौर पर चुराया था। बोकारो के रहने वाले कुमार को पटना से गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने राजू सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जिसने कथित तौर पर कुमार को प्रश्नपत्र चुराने और गिरोह के अन्य सदस्यों को देने में मदद की थी।

**झारखंड के हजारीबाग में प्रश्नपत्र चुराने के आरोप, जांच एजेंसी ने अब तक 14 गिरफ्तारियां कीं**




### बोकारो का रहने वाला है पंकज

पंकज कुमार उर्फ आदित्य के बारे में जानकारी मिली है कि उसने 2017 में एनआईटी जमशेदपुर से सिविल इंजीनियरिंग की है। पंकज कुमार ने पेपर चुराया था। इसके बाद पेपर को आगे बांटने के लिए दिया गया था। पंकज कुमार बोकारो का रहने वाला है।

### सीबीआई ने 15 जुलाई को गेस्ट हाउस पर छापा मारा

सीबीआई टीम 2 दिनों से हजारीबाग आना-जाना कर रही थी। टीम ने 15 जुलाई को हजारीबाग के रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस पर छापा मारा। इससे पहले राज गेस्ट हाउस के मालिक राजकुमार सिंह उर्फ राजू के कदमा स्थित घर में रेड की थी। टीम राजू को हिरासत में लेकर राज गेस्ट हाउस पहुंची। टीम ने उससे गेस्ट हाउस खोलने के लिए चाबी की मांग की। जब चाबी नहीं मिली तो टीम ने ताला तोड़ दिया। टीम ने गेस्ट हाउस को घंटों खंगाला। यहां से कई संदिग्ध दस्तावेज टीम के हाथ लगे हैं।

## करनाल में घरेलू कलह, डंडा लगने से गई मासूम की जान

**घरौंडा (हरिभूमि न्यूज)।** करनाल के गांव बरसत में घरेलू कलह के चलते हुए विवाद में डंडा लगने से 10 माह के बच्चे की मौत हो गई। बताया जा रहा है गांव असदपुर सोनीपत निवासी पूजा की शादी बरसत में सुशील कुमार से हुई थी। पूजा के परिजनों ने बताया कि मंगलवार को पूजा, उसके सास-ससुर और देवर के बीच कहासुनी हो गई थी। पूजा ने अपनी मां को बुलाया था, ताकि मामला शांत हो सके। लेकिन मामला और बढ़ गया। गुस्से में पूजा के देवर दीपक ने उसे डंडे से मारना शुरू कर दिया। पूजा की गोद में बच्चा होने के कारण डंडा मासूम की गर्दन पर जा लगा और वह बेहोश हो गया, उसे घरौंडा के सरकारी अस्पताल में लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस बच्चे व उसके परिजनों को घरौंडा थाने में ले गई। जहां पूजा की शिकायत पर ससुर रामफल, सास रामकली और देवर दीपक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

देवर डंडे से बच्चे की मां को मारना चाह रहा था
■
डंडा 10 माह के बच्चे को लगा और मौत हो गई





## शंभू बॉर्डर खोलने के आदेश के खिलाफ 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट हरियाणा सरकार की उस याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई करेगा, जिसमें अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह के भीतर अवरोधक हटाने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। किसान 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता लोकेश सिंहल ने मंगलवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ के समक्ष मामले की तत्काल सुनवाई की आवश्यकता जताई। इसके बाद पीठ ने मामले को अगले सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के आदेश के खिलाफ अधिवक्ता अक्षय अमृतांशु के माध्यम से अपील दायर की गई है।

सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले को दी गई है चुनौती
■
हाईकोर्ट ने एक सप्ताह में बॉर्डर खोलने के लिए कहा था

**फैसला** सुप्रीम कोर्ट का आदेश, पहले 6 माह दूसरा पति जेल में रहेगा

## पति को तलाक दिए बिना दूसरी शादी की महिला व दूसरे पति को 6-6 माह की कैद

*पति की सजा पूरी होने के बाद महिला को सरेंडर करना होगा*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला और उसके दूसरे पति को 6-6 महीने जेल की सजा सुनाई है। बता दें कि महिला ने पहले पति से तलाक लिए बिना ही दूसरी शादी कर ली थी। पहले पति ने पत्नी, सास-ससुर और पत्नी के दूसरे पति के खिलाफ केस दर्ज कराया था। सेशन कोर्ट से होता हुआ केस सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। जस्टिस सीसी रविकुमार और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने फैसले में कहा है कि महिला और उसके दूसरे पति को एकसाथ जेल नहीं भेजा जाएगा।

### तलाक का केस चल रहा था

याचिकाकर्चा (महिला का पहला पति) ने आरोप लगाया था कि उसका पत्नी से तलाक का मामला चल रहा था। पत्नी ने तलाक होने के पहले ही दूसरी शादी कर ली। याचिकाकर्ता ने पत्नी, पत्नी के दूसरे पति और पत्नी के माता-पिता के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पहले पति का आरोप था कि पत्नी को सास-ससुर ने ही दूसरी शादी के लिए बढ़ावा दिया था। मामले की सुनवाई ट्रायल कोर्ट में हुई थी। कोर्ट ने महिला के माता-पिता को इस मामले में बरी कर दिया था, लेकिन महिला और उसकी दूसरे पति को धारा 494 के तहत 1-1 साल जेल की सजाई सुनाई थी और 2 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

### ऐसे मिलेगी सजा

पहले महिला का दूसरा पति 6 महीने जेल में रहेगा। उसकी सजा पूरी होने के दो हफ्ते के भीतर महिला को पुलिस थाने में सरेंडर करना होगा। कोर्ट के इस फैसले के पीछे का कारण कपल का 6 साल का बेटा है। बेंच ने कहा कि बच्चे की देखभाल सही से होती रहे, इसलिए अलग-अलग सजा का प्रावधान किया गया है।

### ऐसे चली सुनवाई

ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ महिला के पहले पति ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई हुई और मद्रास हाईकोर्ट ने महिला और उसके दूसरे पति को अदालत उठने तक कारावास और 20 हजार रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई थी। मद्रास हाईकोर्ट के फैसले से नाखुश महिला के पहले पति ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और याचिका दाखिल की थी। सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया और महिला को उसके दूसरे पति सहित 6-6 महीने की जेल की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपए के जुर्माने को घटाकर 2 हजार रुपये कर दिया।



### महेंद्रगढ़ में बीसी सम्मान सभा में शाह ने कांग्रेस पर बोला हमला

# प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता मांगेंगे कांग्रेस से 10 साल का हिसाब

- कार्यकर्ताओं में भरा जोश बोले-तीसरी बार भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेंगी
- कांग्रेस ने नौकरी में कितना करप्शन किया, जातिवाद और परिवारवाद फैलाया
- पिछड़ों को न्याय क्यों नहीं दिया, इसका हिसाब तो उनके पास है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महेंद्रगढ़ में बीसी सम्मान सभा को मंगलवार संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे गांव-गांव जाकर हिसाब मांगे कि कांग्रेस के कार्यकाल में 10 सालों में विकास कार्यों के लिए कितने रुपये खर्च किए गए। प्रदेश की 6225 पंचायतों का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि ब्राह्मण माजरा गांव में पिछले 10 सालों में 19.54 करोड़ रुपये की राशि विकास कार्यों के लिए खर्च की गई है। इसी प्रकार, कलिंगा में 17.74 करोड़, तिगांव में 84.33 करोड़, कोरियावास में 516.62 करोड़, आसनकलां में 23.95 करोड़ और खारिया में 21.30 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता सभी 6225 पंचायतों में जाएंगे और भाजपा के विकास कार्यों का हिसाब देंगे। साथ ही कांग्रेस द्वारा 10 वर्षों में हरियाणा की जनता के लिए किए गए विकास कार्यों का हिसाब भी मांगेंगे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ललकारते हुए कहा कि वे मैदान में आंकड़ों के साथ आए वो हमसे क्या हिसाब मांगेंगे, हिसाब तो हम देंगे। कांग्रेस से हिसाब तो हरियाणा की जनता मांगेगी।



नारनौल। समारोह में केंद्रीय मंत्री अमित शाह को सम्मानित करते सीएम नायब सिंह सैनी व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली।

**अभिवादन स्वीकारते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु**



### विकास के लिए लगभग 2 लाख 59 हजार करोड़ दिए

अमित शाह ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चुनौती देते हुए कहा कि वह हमारे 10 साल का क्या हिसाब लेंगे, उनके 10 साल का हिसाब हमारे कार्यकर्ता उनसे मांगेगे। मैं कांग्रेस के 10 साल का पाई पाई का हिसाब लेकर आया हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान हरियाणा प्रदेश में 41000 करोड़ रुपये केंद्र द्वारा विकास परियोजनाओं के लिए प्रदान किए गए जबकि वर्तमान नरेंद्र मोदी की सरकार ने हरियाणा के विकास के लिए लगभग 2 लाख 59 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया है।

### तीसरी बार खिलेगा कमल

हरियाणा में पूर्ण बहुमत से तीसरी बार खिलेगा कमल
उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रदेश की जनता ने 2014 व 2019 के लोकसभा और विधानसभा सहित 2024 में फिर से नरेंद्र मोदी सरकार का साथ दिया उसी प्रकार आने वाले हरियाणा विधान सभा चुनाव में फिर से आप कमल को आशीर्वाद देंगे और पूर्ण बहुमत से तीसरी बार भाजपा की सरकार हरियाणा में बनेगी।

### पिछड़े वर्ग के बेटे को बनाया सीएम

हरियाणा प्रदेश में गत 10 वर्षों में पिछड़े वर्ग के लिए हुए कल्याण का कार्यों का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हरियाणा के गरीब घर के पिछड़े वर्ग से आने वाले बेटे को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया है। इनके नेतृत्व में हरियाणा आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बहुत ही सीधे और सरल व्यक्ति हैं उनके दरवाजे 365 दिन 24 घंटे आपके लिए खुले हैं।

### पिछड़ा वर्ग को मिल रहा पूरा मान सम्मान : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शाह का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले 18 दिनों में दूसरी बार बाबा जयराम दास की भूमि पर उनका स्वागत करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बीसी वर्ग को पूरा मान सम्मान दिया है और पहली बार हरियाणा के इतिहास में पिछड़ा वर्ग से मुख्यमंत्री बनाकर समाज को गौरवान्वित किया है। सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने गृहमंत्री शाह का स्वागत किया और सम्मेलन को संबधित किया।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ बनवारी लाल, पंचायत एवं विकास मंत्री महिपाल ढांडा, शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# मिशन हरियाणा फतह को मैदान में उतरे शाह

### लोकसभा चुनावों के बाद अब भाजपा हाईकमान की नजर विधानसभा चुनावों पर

- 18 दिनों में लगातार तीसरी बार हरियाणा की माटी पर आए भाजपा के चाणक्य
- भाजपा ने गरीब के बेटे को बनाया मुख्यमंत्री, कांग्रेस कुशासन के बारे में बताए

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा में लोकसभा चुनावों के बाद अब भाजपा हाईकमान के नेताओं की नजर विधानसभा चुनावों पर है। मंगलवार को एक बार फिर से भाजपा के सियासी दिग्गज नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महेंद्रगढ़ में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में पहुंचे और जमकर दहाड़े इस दौरान उन्होंने जमकर कांग्रेस और नेता विपक्ष पूर्व सीएम पर जमकर हमले बोले साथ ही कहा कि वे हमसे क्या हिसाब मांगेंगे ? बल्कि एक दशक के कुशासन के बारे में जनता उनसे हिसाब मांग रही है। क्षेत्रवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार के कारण ही जनता ने इन लोगों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया था, इसके विपरीत भाजपा ने एक गरीब परिवार पिछड़े वर्ग से कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाने का काम किया है। ओबीसी का आरक्षण छीनकर कांग्रेस मुस्लिमों को देना चाहती है, लेकिन यह काम नहीं होने देंगे। शाह ने चुनौती दी और साफ कर दिया कि हम तो जनता के सामने सारा हिसाब रख देंगे लेकिन कांग्रेस के पास बताने के लिए कुछ भी नहीं हैं। 18 दिनों में लगातार तीसरी बार हरियाणा की माटी पर आए भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह ने महेंद्रगढ़ में 'पिछड़ा वर्ग सम्मान' सम्मेलन के दौरान एक तीर से कई निशाने साधे और कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्ग का आरक्षण मुसलमानों को देने का काम किया है। अगर यहां पर भी ये लोग आए, तो वही काम यहां पर भी होगा। हरियाणा के अंदर भी किसी भी सूरत में मुस्लिम रिजर्वेशन लागू नहीं होने देंगे।

# बेरोजगारों का इंतजार समाप्त, पुलिस में 5 हजार सिपाहियों की भर्ती के लिए प्रक्रिया आरंभ

- पहले चरण में पदों की तुलना में 6 गुणा उम्मीदवारों को बुलाया गया, भर्ती प्रक्रिया बनाया फुल प्रूफ : चेयरमैन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से पूरा करवाने के साथ साथ अभ्यर्थियों की संतुष्टि आयोग की प्राथमिकता है। इस कड़ी में आज ग्रुप सी की संयुक्त पात्रता परीक्षा उतीर्ण उम्मीदवारों, जिन्होंने हरियाणा पुलिस में सिपाही सामान्य ड्यूटी के लिए विकल्प चुना है। उनकी शारीरिक परीक्षा से पंचकूला के ताउ देवी लाल स्टेडियम में आरंभ हो गई है जो 23 फरवरी तक चलेगी। हिम्मत सिंह ने बताया कि उम्मीदवारों की संतुष्टि के लिए 20 डिजिटल मापदंड स्टैंड लगाए गए है। हर स्टैंड पर खेल विभाग के कोच व अन्य विशेषज्ञों की ड्यूटी लगाई गई है। डिजिटल स्टैंड पर अभ्यर्थी अपने कद, काठी व वजन की जानकारी स्वयं डिस्पले बोर्ड पर देख सकते है। उन्होंने बताया कि आज पहला स्लॉट प्रातः 6.30 बजे आरंभ हुआ था। दूसरा स्लॉट 8.30 बजे, तीसरा 10.30 बजे व चौथा 12.30 बजे का निर्धारित है। आज पहले दिन 2000 उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा ली गई है। उसके बाद कल 3000 उम्मीदवार व 18 से 23 जुलाई तक 5000-5000 उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा ली जाएगी। पहले चरण में 5000 पुलिस सिपाहियों के पदों की तुलना में 6 गुना अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा के लिए बुलाया गया है। शेष उम्मीदवारों का सूची बाद में जारी की जाएगी जो आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। चेयरमैन ने बताया कि शारीरिक मापदंड प्रक्रिया को फूलप्रूफ बनाया गया है। जैसे ही अभ्यर्थी अपनी बारी के बाद नापतोल के लिए प्रवेश करता है, उसकी बायोमेट्रिक माध्यम से आई स्कैन व वीडियोग्राफी की जाती है और यह प्रक्रिया डिजिटल डिस्पले के बाद बाहर निकलते समय भी की जाती है।

# प्रदेश में सियासी पारा गर्म, दिल्ली पहुंचे नेता विपक्ष हुड्डा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। ये मुलाकात कई मायनों में महत्वपूर्ण रही है क्योंकि हरियाणा के सियासी माहौल के साथ ही कई विषयों पर लंबा मंथन हुआ है। कुछ ही माह के अंदर राज्य में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। भले ही अभी तक आधिकारिक तौर पर चुनावों की तारीखों का ऐलान नहीं किया है। बताया जा रहा है कि हरियाणा लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस के सियासी दिग्गज पूरे उत्साह और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। भूपेंद्र हुड्डा ने दिल्ली में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से यह साफ हो चुका है कि इस बार हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। हुड्डा ने सोनिया गांधी के साथ मुलाकात को लेकर कहा कि लोकसभा चुनावों सहित आने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर उनके साथ कई मुद्दों पर बातचीत हुई है। नेता विपक्ष और पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि मैं तो सोनिया जी से मिलता ही रहता हूं, चर्चा भी होती ही रहती है।



सोनिया गांधी से मिलकर सियासी माहौल पर चर्चा की

### पार्टी चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार

कांग्रेस पार्टी इस साल के विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। हरियाणा की 36 बिरादरी भाजपा को हटाने का मन बना चुकी है। लोकसभा के चुनाव से साफ संकेत है कि राज्य में इस बार कांग्रेस की ही सरकार आने वाली है। राज्य में को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। चुनाव आयोग भी विस चुनावों की तैयारी को बैठक कर रहा है।

## उद्यान विभाग, हरियाणा

**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेल: coemunimpur@gmail.com**

**केन्द्र पर फूलों की खेती के लिए उच्च गुणवत्ता वाला planting material खरीदने हेतु मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर फूलों की खेती के लिए उच्च गुणवत्ता वाला planting material खरीदने हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। इस खरीद हेतू विस्तरित जानकारी इस प्रकार है:

| Sr. No. | Crop | Type | Required flower colors | | Approx. Qty. required | Rate per planting material | Material Cost (including all Taxes) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rose | Cut flower | Red | | 8000 of each color | | |
| | | | Pink | | | | |
| 2 | Gerbera | Cut flower (crested type) Prepared from Tissue culture | Petals | Center | 3500 of each color | | |
| | | | Red | Green | | | |
| | | | Pink | Black | | | |
| | | | Bi-colour Golden Yellow/Yellow | Black | | | |
| | | | Bi-colour White/Pink | Black | | | |
| 3 | Gypsophilla | Dense inflorescence Ball-shaped Straight, strong & distinguished stems,low Demand of artificial light, Good vase life | White | | 6300 | | |
| 4 | Lillium | Asiatic | Orange & Yellow | | 12500 of each color | | |
| 5 | Lillium | Oriental | Pink & White | | 12500 of each color | | |
| 6 | Chrysanthemum | Perennial | Pink | | 2500 of each color | | |
| | | | White | | | | |
| | | | Yellow | | | | |
| | | | Red | | | | |
| 7 | Eustoma | Cut flower | Purple & White | | 20000 of each color | | |
| 8 | Tuberose | Double | White | | 22500 bulbs | | |
| | | Single | White | | 45000 bulbs | | |
| 9 | Gladiolus | - | Pink & White | | 17500 Corms of each color | | |
| 10 | Rose | Desi | Red | | 500 plants | | |
| 11 | Sun Flower | Ornamental | Yellow | | 2.5 kg seeds | | |
| 12 | China Aster | - | Blue, Red & Yellow | | 100 gm of each color | | |

कुटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि 23.07.2024 दोपहर 2 बजे तक है। नियम व शर्तों और दस्तावेजों की जानकारी के लिए बोलीदाता कार्यालय की ई-मेल (coemunimpur@gmail.com) पर सम्पर्क करके अथवा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर प्राप्त कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए बोलीदाता डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकता है। केन्द्र की आंकलन कमेटी के द्वारा आंकलन करने उपरान्त प्रति फसल सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आंकलन कमेटी के पास होंगे। Planting material की गुणवत्ता की संतुष्टि ना होने पर नियम अनुसार दूसरे कम दर मूल्य वाले बोलीदाता से planting material खरीदा जाएगा।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/634/2025/27840/88/6 दि. 16.07.24

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 123 दिनांक 11.07.24 धारा 127(6) BNS 2023 थाना बहुअकबरपुर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
**नाम**- सोनिया
**पिता/पति का नाम** - पत्नी दलबीर
**पता** - निवासी गांव बहु जमालरपुर
**उम्र**- 30 वर्ष
**कद**- 4 फुट 10 ईंच
**हुलिया**- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, हाथ पर सुरमा से अमित व सोनिया लिखा हुआ, शिक्षा 5 वीं।
**पहनावा** - सूट सलवार, व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 11.07.24 को सोनिया पत्नी दलबीर निवासी गांव बहु जमालपुर जो बिना किसी को बताए अपने घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना बहु अकबरपुर रोहतक- 7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहु अकबरपुर रोहतक- 9466832087

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 428 दिनांक 11.07.24 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
**नाम**- नितेश कुमार
**पिता/पति का नाम** - पुत्र महताब सिंह
**पता**- नेहरु कालोनी, जिला रोहतक
**उम्र**- 26 वर्ष
**कद** - 5 फुट 8 ईंच
**हुलिया**- रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला जिस्म।
**पहनावा** - टी शर्ट, काली लोवर, व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 11.07.24 को नितेश कुमार पुत्र महताब सिंह निवासी नेहरु कालोनी, जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9728979199

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 425 दिनांक 11.07.24 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
**नाम**- वर्षा
**पिता/पति का नाम**- पुत्री औमप्रकाश
**पता**- निवासी पालिका कालोनी, जिला रोहतक
**उम्र**- 20 वर्ष
**कद**- 5 फुट 5 इंच
**हुलिया**- रंग गेंहुआ, दुबला पतला फुर्तीला शरीर, शिक्षा 8 वीं पास, दायें हाथ पर NITU लिखा हुआ।
**पहनावा** - लाल रंग का नायरा कट सूट व पैरों में नीले रंग की हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 11.07.24 को वर्षा पुत्री औमप्रकाश निवासी पालिका कालोनी, जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9416224110

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 261 दिनांक 12.07.24 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना कलानौर जिला रोहतक।**




**गुमशुदा की पहचान बारे-**
**नाम**- अंकिता व सपना उर्फ सुखना
**पिता/पति का नाम** - पुत्री सीताराम वा पुत्री रामनिवास
**पता** - निवासी वार्ड नं. 8 कलानौर जिला रोहतक
**उम्र**- 21 वर्ष व 18 वर्ष
**कद**- दोनो 5 फुट 4 इंच की हैं।
**हुलिया 1.**- रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हस्ट पुष्ट शरीर।
**हुलिया 2.**- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
**पहनावा 1.** - लोवर टी शर्ट व पैरों में जूते पहने हुए है।
**पहनावा 2.**- जामुनी रंग का सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 12.07.24 को अंकिता पुत्री सीताराम व सपना उर्फ सुखना पुत्री रामनिवास निवासी वार्ड नं. 8 कलानौर जिला रोहतक जो बिना किसी को बताए अपने घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 8700136711

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 292 दिनांक 13.07.24 धारा 127(6) BNS 2023 थाना महम जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
**नाम**- रोहित
**पिता/पति का नाम** - पुत्र सुरेन्द्र
**पता**-निवासी फरमाणा खास, जिला रोहतक
**उम्र**- 18 वर्ष
**कद** - 5 फुट 8 ईंच।
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा।
**पहनावा** - सफेद टी शर्ट, नीली लोवर, व पैरों में नीले रंग की हवाई चप्पल पहने हुए, काला परणा, व नीले रंग का पिट्टू बैग लिए हुए।

दिनांक 13.07.24 को रोहित पुत्र सुरेन्द्र निवासी फरमाणा खास, जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9467338842

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 430 दिनांक 13.07.24 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
**नाम**- ममता
**पिता/पति का नाम** - पुत्री अनिल कुमार
**पता**-किरायेदार कुताना बस्ती, जिला रोहतक
**उम्र**- 18.3 वर्ष
**कद**- 4 फुट 3 ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर।
**पहनावा** - टी शर्ट, पजामा व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है

दिनांक 13.07.24 को ममता पुत्री अनिल कुमार निवासी किरायेदार कुताना बस्ती, जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9468116495

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 432 दिनांक 13.07.24 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
**नाम**- नीलावती
**पिता/पति का नाम** - पत्नी रोहित
**पता**- इंदिरा कालोनी, जिला रोहतक
**उम्र**- 22 वर्ष
**कद**- लगभग 5 फुट 1 ईच
**हुलिया**- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
**पहनावा** - हरे रंग का सूट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 13.07.24 को नीलावती पत्नी रोहित निवासी इंदिरा कालोनी, जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9468116495

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 239 दिनांक 14.07.24 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना सांपला जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
**नाम**- रविन्द्र
**पिता/पति का नाम**-
**पता**-निवासी वार्ड नं.-5 सांपला, जिला रोहतक
**उम्र**- 45 वर्ष
**कद**- 5 फुट।
**हुलिया**- रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, बांये गाल पर चोट का निशान।
**पहनावा** - हरे रंग की चैकदार शर्ट, काली पजामी, व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 14.07.24 को रविन्द्र निवासी वार्ड नं.-5 सांपला, जिला रोहतक अपने घर से हलवाई का काम करने के लिए बहादुरगढ के लिए निकला था वह वहां भी नहीं पहुंचा जो उसके चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 8901432412

पीआरडीएच-1084/11/2524/2025/27842/88/6 दि. 16.07.24

**खबर संक्षेप**

### डारपुर के जंगल से चोरी से काट लिए खैर के पेड़

**यमुनानगर।** गांव डारपुर के जंगल से खैर के पेड़ काटकर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। छछरौली के वन राजिक अधिकारी राजिंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव डारपुर के जंगल से खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए गए हैं। उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की तो जंगल से पांच खैर के पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है। पता चला कि यह पेड़ खालिद, सद्दाम, अदरीश, राशिद, हसन व एक अन्य व्यक्ति राशीद ने काट कर चोरी किए है।

### ऑटो पलटा, एक युवती की मौत, सात घायल

**रेवाड़ी।** साबी नदी पुल के पास खड़े डंपर से टकराने के बाद ऑटो पलट गया। इस हादसे में ऑटो सवार एक युवती की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। रेलवे स्टेशन से एक ऑटो 8 सवारियां भरकर धारूहेड़ा के लिए चला था। साबी नदी पुल के पास ऑटो सड़क किनारे खड़े डंपर में घुसकर पलट गया। आसपास के लोगों ने आटो में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में भिवाड़ी निवासी शिवांगी की मौके पर ही मौत हो गई। धारूहेड़ा निवासी शौर्या, रन्नस, पूनम, विशाल, नंदरामपुर बास निवासी नरेश, उज्जैन निवासी राहुल व भिवाड़ी निवासी सोनू घायल हो गए।

### दूबलधन में पुलिसकर्मी ने फांसी लगा दी जान

**झज्जर।** गांव दूबलधन में एक पुलिसकर्मी ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान करीब तीस वर्षीय दुष्यंत पुत्र जयकिशन के तौर पर हुई है। जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि दुष्यंत हरियाणा पुलिस का जवान था और मधुबन में अंडर ट्रेनिंग था। वह 13 जुलाई को अपने घर पर आया था, मंगलवार को उसे वापिस जाना था लेकिन सोमवार की रात आत्महत्या कर ली। दुष्यंत तीन वर्षीय पुत्र का पिता था तथा परिवार में इकलौता कमाने वाला था।

### परिवहन विभाग प्राइवेट हाथों में देने की साजिश

**चंडीगढ़।** परिवहन विभाग हिंदुस्तान की प्रथम श्रेणी का विभाग हरियाणा रोडवेज को जानबूझकर जनता की सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। 3658 रूट परमिट निजी मालिकों को देकर छात्रों से विकलांग, आमजन व सीनियर सिटीजन से उसकी रियायती यात्रा सुविधा छीनने का षड्यंत्र है। इससे न नियमित रोजगार रहेगा। चालक परिचालक और तकनीकी को मालिकों का दास बनना पड़ेगा।

## जीटी रोड से जाने की जिद पर अड़े किसान, पुलिस से हुई जद्दोजहद

# पंजाब बॉर्डर पर फिर बवाल, पुलिस ने रास्ता रोका, बाद में खोला, राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

- किसान बोले अदालत के आदेश रास्ते खोलने के हैं, प्रशासन उन्हें जाने से नहीं रोक सकता

किसान आंदोलन के समय से बंद किए गए हरियाणा-पंजाब के मलोट रोड के सीमांत रास्ते खुलने के बाद मंगलवार को फिर एक बार बवाल हो गया। दरअसल, कुछ किसान डबवाली शहर के रास्ते खनौरी बॉर्डर की ओर जाना चाहते थे। प्रशासन को जैसे ही इसकी खबर लगी तो पुलिस की मदद से इन किसानों को रोक दिया गया। किसान जीटी रोड से जाने की जिद पर अड़ गए, जिससे मामला गर्मा गया। इसी बीच डबवाली के एसडीएम भी मौके पर पहुंचे। किसानों ने कहा कि अदालत के आदेश रास्ते खोलने के हैं, ऐसे में प्रशासन उन्हें कहीं भी जाने से नहीं रोक सकता।

दूसरी ओर प्रशासन को डर था कि किसान फिर से कोई आंदोलन न खड़ा कर दें। किसानों व प्रशासन के बीच काफी देर तक जद्दोजहद होती रही। इसी बीच जजपा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने भी किसानों के पक्ष में बयान जारी कर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को रोकना गलत है। रास्ता फिर से बंद होने का खामियाजा आज फिर डबवाली के लोगों ने भुगता। प्रशासन ने जीटी रोड बंद कर दिया जिस वजह से अंडर ब्रिज पर जाम जैसी स्थिति बन गई। काफी देर की जद्दोजहद के बाद प्रशासन ने जीटी रोड का रास्ता खोला और किसान यहां से रवाना हो गए। रास्ता खुलने पर लोगों ने भी राहत की सांस ली।

### आप ने सरकार को घेरा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद बीजेपी सरकार द्वारा शंभू बॉर्डर नहीं खोलने के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा। वे चंडीगढ़ स्थित आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय से प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। ढांडा ने कहा कि हाइकोर्ट ने शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर खोलने का आदेश दिया था। लेकिन बड़े शर्म की बात है कि हरियाणा की बीजेपी सरकार हाईकोर्ट के आदेश का सम्मान करने को तैयार नहीं है। आज सातवें दिन भी बॉर्डर बंद है और पुलिस बल तैनात है।

### शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए चला हस्ताक्षर अभियान



**अंबाला।** हस्ताक्षर अभियान में शामिल वकील ज्ञापन पर साइन करते हुए।

- पंजाब से जुड़े जिलों में अपने मामलों की पैरवी नहीं कर पा रहे वकील

**अंबाला।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन की अगुवाई में मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन में शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान वकीलों के साथ अदालतों में अपने मामलों की सुनवाई के लिए आए लोगों ने भी समर्थन करते हुए हस्ताक्षर किए। जैन ने कहा करीब दस हजार लोगों के हस्ताक्षर करवा कर एक ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा जाएगा। उनका आरोप है कि राज्य सरकार जानबूझ कर शंभू बोर्डर खोलने में आनाकानी कर रही है। इसी वजह से पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीमकोर्ट में चुनौती दी गई है। शंभू बॉर्डर बंद होने से पिछले छह महीने से अंबाला के तमाम कारोबारी सड़कों पर आ गए हैं। हॉलसेल कपड़ा मार्केट के साथ छोटे दुकानदार शंभू बोर्डर बंद होने से भूखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। ट्रांसपोर्टर्स अपना कारोबार छोड़ने पर मजबूर है। राज्य सरकार की और से शंभू बॉर्डर सील किए जाने के कारण पंजाब से हरियाणा आने वाले वाहनों को बॉर्डर की बजाय अन्य मार्गों से आना पड़ रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अगर जल्द बॉर्डर न खुला तो वे पलायन को मजबूर होंगे। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रोहित जैन ने कहा की राज्य सरकार ने जान बूझ कर शंभू बॉर्डर को सील किया हुआ है। राज्य सरकार ने केंद्र के इशारे पर यह कार्रवाई की हुई है। अगर ऐसा न होता तो राज्य सरकार हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीमकोर्ट में चुनौती न देती। सात दिन बीत जाने के बावजूद हाईकोर्ट के फैसले को लागू नहीं किया गया। अगर सरकार को कारोबारियों व आम जनता की चिंता होती तो हाईकोर्ट के फैसले के तुरंत बाद बॉर्डर खोलने की कार्रवाई शुरू कर देती। हस्ताक्षर अभियान मे शामिल वकीलों ने कहा की शंभू बोर्डर बंद होने से आम जनता व कारोबारियों के साथ उन्हें भी की तरह की दिकतों का सामना करना पड़ रहा है। पंजाब से जुड़े पड़ौसी जिलों में वह अपने मामलों की पैरवी नहीं कर पा रहे हैं। शंभू तक जाने मे उन्हें लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। राज्य सरकार को हाईकोर्ट के फैसले पर तुरंत शंभू बॉर्डर खोलने का फैसला लेना चाहिए।

## एडवोकेट ताहिर हुसैन की गिरफ्तारी पर 18 तक रोक

- सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोप में नामजद है अधिवक्ता ताहिर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोप में नामजद किए गए वरिष्ठ अधिवक्ता ताहिर हुसैन देवला को फिलहाल राहत मिल गई है। सेशन कोर्ट में ताहिर देवला की अग्रिम जमानत को लेकर बहस हुई। इसके बाद कोर्ट ने आगामी तारीख 18 जुलाई तक ताहिर हुसैन देवला एडवोकेट की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। 18 जुलाई को सेशन कोर्ट न्यायाधीश सुशील कुमार इस मामले में अपना फैसला सुना सकते हैं। देवला की पैरवी ताहिर हुसैन रूपड़िया, एमयू हसन, रमजान चौधरी एडवोकेट सहित कई अधिवक्ताओं ने की।



ताहिर हुसैन देवला

बता दें कि गत 14 जुलाई को मनोज कुमार सिपाही की शिकायत पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के मामले में ताहिर हुसैन देवला एडवोकेट के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इस मुकदमे के बाद उनके ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। इसको लेकर जिला मेवात बार एसोसिएशन से लेकर इलाके की राजनीति पूरी तरह से गर्मा गई थी। उनकी चैट को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल भी किया जा रहा था। कुल मिलाकर कुछ दिन के लिए ताहिर हुसैन देवला एडवोकेट को राहत मिल गई है। अब देखना यह है कि 18 जुलाई को इस मामले में सेशन कोर्ट सुशील कुमार की अदालत क्या फैसला सुनाती है। ध्यान रहे कि आगामी 22 जुलाई को प्रस्तावित शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर ताहिर हुसैन देवला एडवोकेट के द्वारा भड़काऊ पोस्ट डालने का आरोप है। बीते साल शोभायात्रा के दौरान नूंह सहित राज्य के कई जिलों में हिंसा हो गई थी। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान चली गई थी। काफी गाड़ियों को आपके हवाले किया गया था। इलाके में बुलडोजर कार्रवाई की गई थी। तकरीबन 60 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई थी और सैकड़ों लोगों को इसमें नामजद कर गिरफ्तार किया गया था। अभी भी नूंह हिंसा से जुड़े कुछ लोग जिला कारागार नूंह में बंद हैं और कुछ जमानत पर बाहर आ चुके हैं, लेकिन इस बार शोभायात्रा को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट दिखाई दे रहा है।

## श्रम मंत्री का घेराव 21 को फरीदाबाद में : सीटू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- राज्य में मजदूरों का न्यूनतम वेतन रिवाइज नहीं करने से रोष

अपनी मांगों को पूरा नहीं किए जाने से नाराज श्रमिकों ने 21 जुलाई को श्रम मंत्री के घेराव की घोषणा की है। सीटू हरियाणा राज्य अध्यक्ष सुरेखा और महासचिव जय भगवान ने कहा कि 10 जून को संगठन ने राज्य के नवनियुक्त श्रम मंत्री मूल चंद शर्मा को पत्र लिखा था, जिसमें मजदूरों की मांगों और समस्याओं का हल करने के लिए संगठन को बातचीत के लिए समय देने की मांग की थी। लेकिन दुख 40 दिन गुजर जाने के बाद भी श्रम मंत्री को मजदूरों से बात करने का समय नहीं है। इसलिए सीटू ने 21 जुलाई को उनके विधानसभा क्षेत्र में हजारों मजदूरों की रैली करते हुए उनके घेराव का निर्णय लिया है। मजदूर नेताओं ने कहा कि राज्य में मजदूरों का न्यूनतम वेतन रिवाइज नहीं किया जा रहा। यह 2019 में हो जाना चाहिए था। हरियाणा के लाखों मजदूरों के श्रम की लूट करवाई जा रही है। 2014 में जब तत्कालीन सरकार ने न्यूनतम वेतन रिवाइज किया तो यह देश में सबसे ऊपर के राज्यों में था। दिल्ली का वेतन भी कम था। आज हालत यह है कि दिल्ली में मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन 17500 के करीब है और हरियाणा में करीब 10500 रूपये। यानी करीब 7000 रुपये कम। मजदूरों की यह लूट पूंजीपतियों के मुनाफे के लिए की जा रही ही। उन्होंने कहा कि हरियाणा के 14 जिले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आते हैं, इनमें न्यूनतम वेतन कायदे से दिल्ली के बराबर होना चाहिए।

सीटू नेताओं ने कहा कि मजदूर हितों के लिए बने अलग अलग बोर्डों में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों को लेने के बजाय सरकार ने पिछलग्गू भर्ती कर रखे हैं। इनका मजदूर हितों से कोई लेना देना नहीं है। हरियाणा के विकास में मजदूरों का बुनियादी योगदान है लेकिन उनकी न सरकार सुन रही और न ही ब्यूरोक्रेसी। राज्य के उद्योग मजदूरों के लिए आग की भट्टी बन गए हैं। केवल 2024 में ही बड़े बड़े कारपोरेट के हित में भाजपा ने कानूनों में बदलाव कर मजदूरों को गुलाम बनाने का काम किया है।

> सीटू नेताओं ने कहा कि मजदूर हितों के लिए बने अलग अलग बोर्डों में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों को लेने के बजाय सरकार ने पिछलग्गू भर्ती कर रखे हैं। इनका मजदूर हितों से कोई लेना देना नहीं है।

## कंप्यूटर लैब सहायकों में नाराजगी, आंदोलन की तैयारी में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- पंचकूला में शिक्षा सदन के पीछे धरना शुरू मांगें पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा धरना

कंप्यूटर लैब सहायक हरियाणा भी अब आंदोलन की तैयारी में हैं। इनका कहना है कि 13 साल से काम कर रहे हैं, उनको दो से तीन माह बाद में वेतन नसीब होता है। उनका कहना है कि वे सरकारी स्कूलों में 2011 यानी पिछले 13 वर्षों से कार्यरत हैं। इनका वेतन मात्र 12 हजार है। इसके अलावा इनको गर्मी और सर्दी की छुट्टियों का वेतन भी नहीं दिया जाता है। न ही कोई मेडिकल लाभ दिया जाता है और न ही सालाना इंक्रीमेंट दिया जाता है। हरियाणा के 2200 कंप्यूटर लैब सहायक हरियाणा सरकार के हर मंत्री शिक्षा विभाग के ऑफ़िसर के पास अपनी मांगों की गुहार लगा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ हमारी मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से यही प्रार्थना है कि कंप्यूटर लैब सहायकों को पक्का किया जाए। कंप्यूटर लैब सहायक राज्य प्रधान करमजीत संधु की अध्यक्षता में 15 जुलाई से पंचकूला में शिक्षा सदन के पीछे हैफेड ग्राउंड में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं तब तक धरना जारी रहेगा, जब तक कंप्यूटर लैब सहायकों की माँगें पूरी होकर आधिकारिक पत्र जारी नहीं हो जाएगा।

## डॉक्टरों की हड़ताल से पहले उन्हें मनाने में जुटी सरकार

**चंडीगढ़।** डॉक्टरों की 25 जुलाई से होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल से पहले ही डॉक्टरों को मनाने का सिलसिला शुरू हो गया है.। मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने संगठन के पदाधिकारी से वार्ता की। इसके बाद में तीन मांगों पर सहमति बन गई और चौथी मांग को लेकर बुधवार को एक बार फिर वार्ता होगी। उल्लेखनीय है कि सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों में डॉक्टरों ने दो घंटे ओपीडी बंद रखी। इसके साथ ही धरने-प्रदर्शन और आपात बैठकें बुलाई। डॉक्टरों की नाराजगी को देखते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य सेवाएं के साथ बैठक रखकर मांगों का समाधान निकालना के लिए मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले ही आदेश दिए थे। एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल के साथ में देर शाम को वार्ता हुई।

## देशभर में खेती की जमीन घट रही किसान पर कर्ज बढ़ रहा : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि देश में किसानों के पास कृषि योग्य जमीन लगातार घट रही है, जबकि कर्जे की रकम लगातार बढ़ रही है। बढ़ते कर्ज के कारण हर घंटे देश में औसतन एक से अधिक किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे हैं और फिर भी केंद्र की भाजपा सरकार इनकी सुध लेने के लिए कोई कदम उठाने को तैयार नहीं हैं। अन्नदाता किसान की अनदेखी की कीमत भाजपा को विधानसभा चुनाव में चुकानी होगी। यह खुलासा राज्यसभा व लोकसभा में समय-समय पर पेश रिपोर्ट और एनएसओ व एनसीआरबी के आंकड़ों से होता है। इससे पता चलता है कि देश की करीब 52 फीसदी आबादी रोजगार के लिए कृषि पर निर्भर है और जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत है। लेकिन, दूसरे सेक्टर्स के मुकाबले देश में खेती से जुड़े लोगों की स्थिति लगातार खराब ही हो रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश का प्रत्येक किसान परिवार आज 74121 रुपये के कर्ज तले दबा है, जबकि एक किसान परिवार की औसत मासिक आय सिर्फ 10218 रुपये ही है। किसानों की घरेलू स्वामित्व जोत का औसत आकार भी घटता जा रहा है।

### जल्द दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना

# कमजोर पड़ा मानसून, सामान्य से कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- 17 से 25 जुलाई के दौरान हो सकती है बारिश

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मानसून की धमाकेदार शुरुआत के बाद पिछले करीब दस दिनों से लगातार मानसून कमजोर पड़ा हुआ है। इस साल में अभी तक मानसून में सक्रियता और तारतम्यता देखने को नहीं मिल रही है। 1 जून से 15 जुलाई के दौरान हरियाणा राज्य में केवल कुल मानसून बारिश 80.2 मिलीमीटर दर्ज हुई है जबकि इस दौरान सम्पूर्ण राज्य में 123.3 मिलीमीटर सामान्य बारिश दर्ज की जाती है जो सामान्य से 35%कम दर्ज हुई है। हरियाणा राज्य में धीरे-धीरे मानसून के आंकड़ों में गिरावट देखने को मिल रही है। अभी तक केवल 4 जिलों फतेहाबाद+48%,नूंह मेवात+53%, सिरसा+14, महेंद्रगढ़ +35%, में सामान्य और सामान्य से अधिक बारिश को दर्ज किया गया है । जबकि 18



जिलों में सामान्य से नीचे बारिश की गतिविधियां दर्ज किया गया है। हालांकि बीच बीच में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मानसून बारिश की गतिविधियां जरूर देखने को मिल रही हैं। लगातार हरियाणा राज्य पर मानसून निषक्रिय बना हुआ है। लगातार मानसून टर्फ अपनी सामान्य स्थिति से नीचे राजस्थान पर बनी हुई है। साथ ही साथ बंगाल की खाड़ी पर भी अभी तक कोई विशेष हलचल नहीं बनीं है परन्तु सोमवार को बंगाल की खाड़ी पर एक लो प्रेशर एरिया भी बन गया है। आने वाले दिनों में एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय होने जा रहे हैं।

पहला 17 जुलाई और उसके बाद 22 जुलाई को हो रहे हैं जिसकी वजह से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 17-25 जुलाई के दौरान मानसून में सक्रियता और तारतम्यता में बढ़ोतरी की प्रबल संभावना बन रही है। मंगलवार को हरियाणा के दक्षिणी हिस्सों मुख्य रूप से जिला महेंद्रगढ़ के नारनौल में जबरदस्त बारिश की गतिविधियों को दर्ज किया गया है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन के अनुसार जलवायु परिवर्तन और मानव के अमानवीय व्यवहार और कृत्यों वनों की कटाई, नगरीकरण, खनन, और परिवहन के साधनों में वृद्धि ग्रीन हाउस प्रभाव, ग्लोबल वार्मिंग आदि की वजह से एक समान बारिश का मानसूनी मौसम नहीं बन पा रहा है ।

JUDGE ADVOCATE GENERAL'S DEPARTMENT
ऑफिसर के तौर पर भारतीय सेना में शामिल होएं
INDIAN ARMY
भारतीय सेना
INDIAN ARMY




अप्रैल 2025 में प्रारम्भ होने वाले
JAG-34वां कोर्स
शॉर्ट सर्विस कमीशन नॉन टेक्नीकल,
(पुरुष एवं महिलाएं) हेतु
ऑनलाइन आवेदन करें।
ऑनलाइन आवेदन
13 अगस्त 2024 को बंद होंगे।
अधिक विवरण हेतु पधारें
www.joinindianarmy.nic.in
Scan QR Code
cbc 10601/13/0027/2425

# हॉकी में कठिन पूल से चिंतित नहीं, पदक का रंग बदलने का यकीनः ललित

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

भारतीय हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक में पूल चरण में ही आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना जैसे दिग्गजों का सामना करना है लेकिन अनुभवी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय को यकीन है कि बेहतरीन तैयारियों और काशी विश्वनाथ के आशीर्वाद से टीम पदक का रंग बदलकर लौटेगी।

टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे ललित ने रवानगी से पहले यहां दिये इंटरव्यू में कहा, 'ओलंपिक में पूल पर ध्यान देना बेमानी है क्योंकि सभी टीमें पूरी तैयारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आती हैं। हम मैच दर मैच रणनीति बनायेंगे और हर मैच में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे।'

## भारत का पहला मुकाबला 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से

भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक से पहले मानसिक दृढता के लिये स्विटजरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिवसीय शिविर के बाद अब नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी। भारत को पेरिस ओलंपिक में पूल बी के पहले मैच में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से, 29 जुलाई को रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम और दो अगस्त को पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया से खेलना है।

**ललित 168 मैचों में 45 गोल कर चुके**

भारत के लिये 168 मैचों में 45 गोल कर चुके 30 वर्ष के इस फॉरवर्ड ने कहा, '' हमें पता है कि उम्मीदें बढी हुई हैं क्योंकि लंबे समय बाद हमने ओलंपिक पदक जीता था। हमें भी खुद से पूरी उम्मीद है कि पदक का रंग बदलेंगे।'' वाराणसी के रहने वाले इस खिलाड़ी ने



कहा, '' हमने पिछले चार साल में फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है जो मैदान पर नजर आ रही है। फिटनेस में हम दुनिया की शीर्ष टीमों के समकक्ष हैं।''

### टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पांच खिलाड़ी टीम में

टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय टीम के 11 खिलाड़ी पेरिस में भी खेलेंगे जबकि पांच खिलाड़ियों का पहला ओलंपिक है। ललित ने हालांकि कहा कि युवा खिलाड़ी भी इतना खेल चुके हैं कि ओलंपिक का दबाव आसानी से झेल लेंगे। उन्होंने कहा, ये लड़के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं जहां ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने का काफी दबाव होता है लिहाजा ओलंपिक का दबाव भी झेलने में सक्षम हैं।

### आपसी तालमेल टीम की ताकत

ललित ने कहा, '' इस बार प्रो लीग में काफी फील्ड गोल हुए हैं और फोकस डी के भीतर जाकर मौका बनाने पर रहता है। फॉरवर्ड पंक्ति की कोशिश यही रहती है कि फील्ड गोल करे या डी में जाकर पेनल्टी कॉर्नर बनाये।'' ललित ने आपसी तालमेल को इस टीम की ताकत बताते हुए कहा कि टोक्यो से पहले कोरोना के दौरान यहां साथ बिताये समय ने एक ईकाई के रूप में टीम को काफी मजबूती दी।

### हम मानसिक रूप से मजबूत है

ललित ने यादों की परतें खोलते हुए कहा, '' मैने ओलंपिक खेलने और पदक जीतने का सपना हमेशा से देखा था। कोई भी लड़का जो अपरिपक्व है और बड़े सपने लेकर टीम में आया है, उसके साथ ऐसा हो जाये तो वह टूट ही जायेगा। उन्होंने कहा, '' लेकिन शुरूआत में ही यह सब झेल लिया तो मानसिक रूप से और मजबूत हो गया। वैसे तो मैं वह प्रकरण भूल गया हूं लेकिन कभी याद भी आता है तो खुद को और मजबूत पाता हूं।''

### ललित पर शाहिद की अमिट छाप

हॉकी को मोहम्मद शाहिद जैसा सितारा देने वाले बनारस का ललित के जीवन और कैरियर पर अमिट प्रभाव है जो उनकी बातों में भी झलकता है। उन्होंने कहा, 'हमारे बनारस में कहावत है कि सब यहीं से शुरू होता है और यहीं खत्म हो जाता है। हम भी गंगा किनारे बैठते हैं तो यही लगता है जहां एक तरफ दशाश्वमेध घाट (आरती घाट) है और दूसरी तरफ मणिकर्णिका घाट (दाह संस्कार घाट) है।'

## खबर संक्षेप

### महिला एशिया कप में मिलेगा मुफ्त प्रवेश

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार से दाम्बुला में शुरू हो रहे महिला एशिया कप के दौरान जनता के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की। एसएलसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट में आठ टीमें - भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मेजबान श्रीलंका, थाईलैंड, यूएई, नेपाल और मलेशिया - रनगिरी दाम्बुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिताब के लिए भिड़ेंगी। एसएलसी ने मंगलवार को ट्वीट किया, ''महिला एशिया कप 2024 आ गया है और प्रवेश निःशुल्क है!' टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे जिनमें दो सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं। भारत शुक्रवार को अपने अभियान की शुरुआत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा।

### बावा का विश्व जूनियर स्क्वाश में पदक पक्का

**नई दिल्ली।** भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लो वा सर्न को 3-2 से हराया। दिल्ली के 18 वर्ष के बावा 2014 में कुश कुमार के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरूष खिलाड़ी बन गए। करीब 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में वह पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ गए थे लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से होगा। वहीं अनाहत सिंह लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में लगातार तीसरे साल हारकर बाहर हो गई।

### भारतीय महिला टीम एशिया कप के लिए श्रीलंका पहुंची

**कोलंबो।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम 19 जुलाई से दाम्बुला में होने वाले एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलने के लिए मंगलवार को यहां पहुंची। श्रीलंका क्रिकेट ने भारत और बांग्लादेश की टीमों के आगमन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। भारत को ग्रुप ए में रखा गया है और उसका पहला मैच 19 जुलाई को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। इसी दिन इस ग्रुप की दो अन्य टीमों संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल के बीच भी मैच खेला जाएगा। मेजबान श्रीलंका, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश को ग्रुप बी में रखा गया है। बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है।

क्रिकेट : 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला

# श्रीलंका के खिलाफ टी20 में हार्दिक पंड्या होंगे भारतीय टीम के कप्तान

गिल या सूर्यकुमार हो सकते हैं टी20 के उपकप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे। पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने बताया, 'हार्दिक पंड्या भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान थे। वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे।' रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

### वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में

टी20 श्रृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जायेगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे। टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी। अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव।



**हार्दिक और सूर्यकुमार का कप्तानी रिकॉर्ड**

हार्दिक पांड्या ने साल 2022 में पहली बार टीम इंडिया की कप्तानी की थी। वो उसके बाद 16 टी20 मुकाबलों में भारत की कमान संभाल चुके हैं, जिनमें टीम 10 मौकों पर विजयी रही है। दूसरी ओर सूर्यकुमार यादव को अब तक 7 मैचों में भारतीय टीम की कमान संभालने का अवसर मिला है, जिनमें से उन्होंने टीम को 5 मौकों पर जिताया है।

### टी20 सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय संभावित टीम

हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मोहम्मद सिराज।

### वनडे सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय संभावित टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आवेश खान और अर्शदीप सिंह।

### टीम का चयन गंभीर के अगुवाई में होगा

श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का चयन गौतम गंभीर की अगुवाई में किया जाएगा। दरअसल, भारतीय टीम के नए हेड कोच गौतम गंभीर का यह पहला असाइनमेंट है। रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के साथ टीम सेलेक्शन का हिस्सा होंगे।

### 27 जुलाई से शुरू होगा भारत का श्रीलंका दौरा

भारत के श्रीलंका दौरे की शुरुआत 27 जुलाई को पहले टी20 के साथ होगी। भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई को तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। फिर दूसरा टी20 मैच अगले दिन यानी 28 जुलाई को और तीसरा व अंतिम टी20 मैच 30 जुलाई को खेला जाएगा। टी20 सीरीज के सभी मैच पल्लेकेले में खेले जाएंगे। टी20 सीरीज के बाद 2 अगस्त से दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज का दूसरा मैच 4 अगस्त और तीसरा व अंतिम मैच 7 अगस्त को खेला जाएगा। वनडे सीरीज के सभी मैच कोलंबो में खेले जाएंगे।

एटीपी रैंकिंग

# नागल ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 26 साल के नागल को पांच स्थान का फायदा हुआ है। उनकी पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 71 थी।

नागल इस तरह दुनिया के 71वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी शशि मेनन को पीछे छोड़कर 1973 से सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। विजय अमृतराज (1980 में 18वें स्थान पर), रमेश कृष्णन (1985 में 23वें स्थान पर) और सोमदेव देववर्मन (2011 में 62वें स्थान पर) एटीपी सर्किट पर नागल से बेहतर रैंकिंग हासिल कर चुके हैं।

पिछले कुछ समय में प्रभावी नतीजों की बदौलत नागल की रैंकिंग में सुधार हुआ है और साथ ही वह पेरिस ओलंपिक के एकल वर्ग में क्वालीफाई करने में भी सफल रहे। पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय नागल के 779 एटीपी अंक हैं। नागल ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई ओपन में कजाखस्तान के 31वें वरीय एलेक्जेंडर बुबलिक के खिलाफ जीत के साथ की। उन्होंने फ्रेंच ओपन और विंबलडन में भी भाग लिया। नागल ने जून में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर स्पर्धा और फरवरी में चेन्नई ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता।

### चार एटीपी खिताब जीत चुके नागल

वर्तमान में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले भारतीय एकल खिलाड़ी नागल ने 2023 से चार एटीपी चैलेंजर खिताब जीते हैं और हीलब्रॉन क्ले कोर्ट पर उनका चौथा खिताब था।

# कोपा भगदड़ में कोलंबिया फुटबाल संघ के अध्यक्ष सहित 27 गिरफ्तार

**मियामी गार्डन्स।** कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और उनके बेटे समेत 27 लोगों को अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में दर्शकों की भीड़ पर नियंत्रण की कोशिशों में गिरफ्तार किया गया।



स्थानीय पुलिस अधिकारी आंद्रे मार्टिन ने बताया कि हार्ड रॉक स्टेडियम पर हुए फाइनल के दौरान दर्शकों के उपद्रव पर काबू पाने की कोशिशों में रेमन जेसुरन और उनके बेटे रेमन जमील जेसुरन को भी हिरासत में लिया गया। दोनों ने सुरक्षाकर्मियों से झगड़ा किया और एक अधिकारी पर हमला भी किया। दोनों ने एक सुरंग के रास्ते मैदान पर जाने की कोशिश की जहां मैच के बाद मीडिया जमा था। उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने हाथापाई की और सुरक्षागार्ड को घूंसे भी मारे। कोलंबिया फुटबॉल महासंघ ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

द. अफ्रीका के खिलाफ किया था शानदार प्रदर्शन

# हरमनप्रीत टी20 रैंकिंग में 12वें और शेफाली 15वें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी टी20 रैंकिंग में क्रमशः 12वें और 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत तीन पायदान आगे बढ़ी हैं। उनके कुल 613 रेटिंग अंक हैं। शेफाली को दो स्थान का फायदा हुआ है। वह न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और इंग्लैंड की डैनी वायट के साथ 15वें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं और वह भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर काबिज हैं। गेंदबाजों की सूची में अनुभवी दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। राधा यादव आठ पायदान चढ़कर 15वें, पूजा वस्त्राकर छह पायदान ऊपर 23वें और श्रेयंका पाटिल नौ पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।



### इंग्लैंड की ग्लेन कैरियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की

इंग्लैंड की स्पिनर सारा ग्लेन ने 768 अंकों के साथ अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चार मैचों में आठ विकेट चटकाए हैं। वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। उनकी साथी सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर काबिज हैं।

# फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर सके मेस्सी

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अपने कैरियर में पहली बार फुलटाइम से पहले कोपा अमेरिका फाइनल से चोट के कारण बाहर हुए लियोनेल मेस्सी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और अपने 'आखिरी किले' में से एक फतेह करने के बावजूद वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाये।

मेस्सी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा। अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेस्सी के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2026 विश्व कप में उनकी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति है। सैतीस वर्ष के मेस्सी चोट के कारण पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के काफी मैचों से बाहर रहे थे। कोपा अमेरिका में भी कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा। इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह पेनल्टी चूके। उन्होने एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ सेमीफाइनल में किया।

### मीडिया से बात नहीं की

मेस्सी ने मैच के बाद मीडिया से बात नहीं की और ना ही उनकी टीम ने चोट की गंभीरता के बारे में बताया। अर्जेंटीना के 35 पार के धुरंधर एंजेल डि मारिया (36) और निकोलस ओटामेंडी (36) के अलावा स्थानापन्न गोलकीपर फ्रेंको अरमानी (37) का यह आखिरी टूर्नामेंट था। अब अर्जेंटीना को सितंबर में चिली और कोलंबिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच खेलने हैं।

बोपन्ना के जोड़ीदार बालाजी बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम

# बालाजी आक्रामक खिलाड़ी, उन्हें हलके में नहीं ले सकते: बोपन्ना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उम्र के साथ निखरते जा रहे रोहन बोपन्ना अपने आखिरी ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये बेताब हैं। मजबूत जोड़ीदार नहीं मिलने को लेकर शिकायत करना उनके स्वभाव में नहीं है। भारत के इस अनुभवी टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में उनके जोड़ीदार एन श्रीराम बालाजी काफी आक्रामक खिलाड़ी हैं और बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम भी। बोपन्ना अगर विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष दस से बाहर होते तो भारत का कोई खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में इस वर्ग में नहीं होता।



### हमारे पास हर मैच जीतने का मौका

44 वर्ष के बोपन्ना को बालाजी और युकी भांबरी में से चुनना था और अपने कोच स्कॉट डेविडॉफ और बालाचंद्रन मणिकांत से मशविरे के बाद उन्होंने बालाजी को चुना। बोपन्ना ने दिये इंटरव्यू में कहा, 'मेरा मानना है कि हमारे पास हर मैच जीतने का मौका है। हम सिर्फ भागीदारी के लिये नहीं जा रहे।'

### हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं

बोपन्ना ने कहा, 'हम पूरी तैयारी के साथ जायेंगे। एक टीम के रूप में हमारा वही मकसद है। बाला काफी आक्रामक खिलाड़ी है।' उन्होंने कहा, 'हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं और उस पर बालाजी बेहतर जोड़ीदार साबित होगा। फिलहाल मैं मैथ्यू एबडेन के साथ खेलता हूं जो क्ले पर अधिक फुर्तीला और आक्रामक है।'

### दोनों में बालाजी अधिक फुर्तीला

बोपन्ना ने कहा, 'क्ले कोर्टपर मुझे ऐसा जोड़ीदार चाहिये जो उस कोर्ट पर मेरे साथ अच्छा तालमेल बना सके। हार्ड कोर्ट या ग्रासकोर्ट पर मैं युकी को चुनता। उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि यह कठिन फैसला था क्योंकि उन्होंने दोनों में से किसी के साथ टूर पर नहीं खेला है। उन्होंने कहा, 'हम दोनों में से बालाजी अधिक फुर्तीला है और दोनों फ्लैंक पर दौड़ सकता है। वह मैथ्यू की तरह है हालांकि मैथ्यू के जितना अनुभव नहीं है।'

### जीतने के मकसद से जा रहे

बोपन्ना ने कहा कि वे सिर्फ पेरिस ओलंपिक में भाग लेने नहीं बल्कि जीतने के मकसद से जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हर खिलाड़ी ओलंपिक में पदक जीतने ही जाता है। हर कोई पिछली बार से बेहतर करना चाहता है। हम भी यही करने जा रहे हैं। हमारा भी यही मकसद है।'


## महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक

(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)

एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान

**प्रवेश सूचना 2024-25 बी.टेक. बायोटेक्नोलॉजी** (विज्ञा. पीआर सं. -14 ऑफ 2024)

| बी.टेक. (बायोटेक.) प्रथम सैमेस्टर (40 सीट) | महत्वपूर्ण तिथियां | |
|---|---|---|
| पात्रता : उम्मीदवार जो मुख्य विषयों के तौर पर भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान / जैव प्रौद्योगिकी में न्यूनतम 45% अंकों सहित (एससी श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार के मामले में 40%) 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हों। **उम्मीदवारों के लिए इंटर-से-मेरिट की गणना भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान / जैव प्रौद्योगिकी के अंकों के आधार पर की जाएगी।** | आवेदन की अन्तिम तिथि | 22.07.2024 |
| | प्रथम मेरिट लिस्ट का प्रदर्शन (श्रेणीवार) | 26.07.2024 |
| | द्वितीय मेरिट लिस्ट (श्रेणीवार) | 01.08.2024 |
| | तृतीय मेरिट लिस्ट (ओपन, यदि सीटें रिक्त रहती हैं) | 07.08.2024 |
| | चतुर्थ मेरिट लिस्ट (ओपन, यदि सीटें रिक्त रहती हैं) | 12.08.2024 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.mdu.ac.in अथवा सम्पर्क करें : 9034881374, 9416333872, 9813488148.

संवाद-1235/11/134/2025/27877/सी/88/6 दि. 16.07.24

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई हो

भा कश्मीर में आतंकवाद फिर से फन उठा रहा है। घाटी में लगातार आतंकवादी घटनाएं हो रही हैं। अब जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए। अभी आठ जुलाई को ही कठुआ में पांच सैन्यकर्मी शहीद हुए थे और पांच जवान घायल हो गए थे। कश्मीर में आतंकवाद की घटनाएं तब बढ़ रही हैं, जब सुरक्षा बल दहशतगर्दी के खिलाफ ऑपरेशन चला रहे हैं। यह चिंता की बात है। हमारे जवान आतंकियों के निशाना बन रहे हैं, स्थिति उलट होनी चाहिए थी। कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत नब्बे के दशक से लड़ रहा है, इसलिए करीब चार दशक में भारतीय सुरक्षा बलों के पास इस क्षेत्र के भूगोल की चप्पे-चप्पे की जानकारी है, इसके बाद भी अगर हमारे सैनिक आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हो रहे हैं, तो ऑपरेशन के स्वरूप की समीक्षा होनी चाहिए और उसमें जरूरत के हिसाब से बदलाव होना चाहिए। मुठभेड़ अंजाम देने से पहले, रेकी की जानी चाहिए, भूगोल की जानकारी जुटानी चाहिए, ड्रोन व लेजर बम जैसी तकनीक का इस्तेमाल होना चाहिए। ऐसा नहीं है कि हमारे सुरक्षा बल इन सभी पहलुओं पर गौर नहीं करते होंगे, बल्कि वे धरातल पर हैं तो अच्छे से चीजों को देखते होंगे, इसके बाद भी जवानों के शहीद हो जाने पर दुख होता है, और लगता है कि ऑपरेशन के अमल में कहीं न कहीं खामी रह गई होगी। इस साल जनवरी से अब तक कई आतंकी घटनाएं जम्मू-कश्मीर में हुई हैं। 15 और 8 जुलाई के अलावा 7 जुलाई को राजौरी जिले में एक सुरक्षा चौकी पर आतंकवादी हमले में एक सैन्यकर्मी घायल हो गया। जून में 26 जून को डोडा जिले में गोलीबारी में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गए, 12 जून को डोडा जिले में ही आतंकवादी हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हुआ, 11/12 जून को कठुआ जिले में मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादी मारे गए और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के एक जवान की मौत हो गई। डोडा जिले में आतंकवादी हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गए। 9 जून को रियासी जिले में एक बस पर आतंकवादी हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए व 42 घायल हो गए। मई में 4 मई को पुंछ जिले में आतंकवादी हमले में एक वायुसेना कर्मी की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। अप्रैल में 28 अप्रैलको उधमपुर जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा प्रहरी की मौत हो गई, 22 अप्रैल को राजौरी जिले में आतंकवादियों ने एक सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। वर्ष 2023 में भी चार बड़े आतंकी हमले हुए थे। वर्ष 2023 में 43 आतंकी घटनाएं कश्मीर से अलग जम्मू में हुईं। जम्मू क्षेत्र में आतंकी घटनाओं में पिछले 32 महीनों में 48 जवान शहीद हो चुके हैं और 23 आम नागरिक भी आतंकियों की गोली का निशाना बने हैं। सरकार व सुरक्षा बलों को पता है कि कश्मीर में आतंकवाद के पीछे किसका हाथ है। खुद आतंकी घटनाएं झेलने के बावजूद पाकिस्तान कश्मीर में आतंकवाद को शह देने से बाज नहीं आ रहा। सरकार ने सुरक्षा बलों को आतंकवाद से निपटने के लिए खुली छूट जरूर दी है, लेकिन घटनाएं थम नहीं रही हैं, ऐसे में सरकार को आतंकवाद के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन करना चाहिए, जिसमें पीओके के आतंकी ठिकाने भी निशाने पर हों। कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करना जरूरी है, इसके लिए आर-पार की लड़ाई चाहिए। केवल सरकार के बयानों से बात नहीं बनेगी।



दरकार
अवधेश कुमार

# राजनीति में प्रतिस्पर्धी मानें, दुश्मन नहीं

> डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश हम सबके लिए सबक होना चाहिए। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में असहमति और मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु राजनीति और सार्वजनिक जीवन में घृणा और दुश्मनी का कोई स्थान नहीं। हम एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी होंगे, राजनीतिक और वैचारिक विरोधी होंगे, किंतु दुश्मन नहीं जिसके विरुद्ध इतनी घृणा पैदा की जाए कि लोग हिंसा की सीमा तक पहुंच जाए। यह सभी पक्षों पर लागू होता है। हालांकि जैसा वातावरण भारत, अमेरिका सहित कई देशों में बन चुका है उसमें कोई तत्काल इससे सबक लेगा इसकी संभावना कम है, क्योंकि वातावरण विषाक्त बन चुका है। यही प्रश्न है कि स्थिति को हम कैसे संभालें।

ते रह जुलाई का दिन अमेरिका ही नहीं विश्व इतिहास के लिए भयावह और सबक लेने वाले दिन के रूप में दर्ज हो गया है। अमेरिका जैसे पुराने लोकतांत्रिक देश में रिपब्लिकन राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर सार्वजनिक सभा में गोली चलाकर हत्या का प्रयास अचंभित करने वाली घटना है। पेनसिल्वेनिया के बटलर में ट्रंप चुनावी रैली कर रहे थे। अचानक गोली आई और ट्रंप के कान को छूते हुए निकल गई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि ट्रंप रैली के दौरान भाषण दे रहे थे। उसी बीच गोलियां चलने लगती हैं। ट्रंप कहते हैं- ओह और अपना कान छूते हैं और उनका हाथ लहूलुहान दिखता है। वह तुरंत नीचे झुक जाते हैं, लेकिन गोलियां चलती रहती है। वे कुछ ही क्षण में फिर खड़े होते हैं, दोनों हाथों की मुट्ठियां भींचकर ऊपर उठाते हैं और लोग उनके पक्ष में नारे लगाते हैं । हमले के बाद ट्रंप ने कहा कि 'उन्हें ऐसा लगा कि गोली उनके कान के आर-पार हो गई है।'

हालांकि अमेरिकी इतिहास में इसके पूर्व दो बार राष्ट्रपति उम्मीदवारों पर हमले के रिकॉर्ड हैं। 1912 में राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए चुनावी अभियान में लगे थे तब मिल्वौकी में एक भाषण के लिए जाते समय एक सैलून संचालक ने उन्हें गोली मार दी थी। वे बच गए थे। गोलीबारी के बावजूद उन्होंने भाषण दिया। 1972 में अलबामा के गवर्नर जॉर्ज वालेस को तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार के दौरान वाशिंगटन डीसी के बाहर गोली मार दी गई थी। हमले के कारण उनकी कमर से नीचे का हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया था, लेकिन वर्तमान हमले के कारण परिस्थितियों और इसके पीछे की विचारधारा अलग है। जांचकर्ताओं का कहना है कि ट्रंप की हत्या की कोशिश की गई थी। साफ है कि ट्रंप बाल-बाल बचे हैं। इसे संयोग ही कहिए अन्यथा गोली अगर कान को छूकर निकलने की बजाय अंदर चली गई होती तो आज ट्रंप की जीवनलीला समाप्त हो चुकी होती। बताया गया है कि दोनों हमलावर सुरक्षाकर्मियों के गोली का शिकार हो चुके हैं। अमेरिका की संघीय जांच ब्यूरो और अन्य एजेंसियां मिलकर जांच कर रही हैं और हत्या के प्रयास के कारणों का पता आने वाले समय में चलेगा। जांच रिपोर्ट जो भी कहे आम अमेरिकी और इस समय अमेरिका सहित विश्वभर में राजनीति, एक्टिविज्म और नैरेटिव की प्रवृत्तियों पर दृष्टि रखने वाले समझ सकते हैं कि इसके कारण क्या होंगे। ट्रंप पर हमले की सूचना आते ही पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इसकी निंदा करते हुए अमेरिकी समाज में हिंसा के लिए कोई स्थान न होने का बयान दिया तथा अपील की कि हमें सभ्य तरीके से व्यवहार करना चाहिए। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी टेलीविजन प्रसारण में इसकी निंदा करते हुए यही कहा। समाचार के अनुसार बाइडेन ने ट्रंप से फोन पर बातचीत भी की, किंतु सच यह भी है कि डेमोक्रेटिक सहित अमेरिका के बुद्धिजीवियों, मीडिया, एक्टिविस्ट, यहां तक कि प्रशासन के एक बहुत बड़े वर्ग ने ट्रंप और उनकी विचारधारा के सामान्य विरोध की जगह उसके प्रति जिस ढंग से घृणा पैदा की है उसका असर अमेरिकी समाज पर है। ट्रंप को डेमोनाइज करते हुए उन्हें हिटलर से लेकर न




जाने क्या-क्या उपाधि दी गई है। उन्हें लोकतंत्र ही नहीं, अमेरिकी समाज और एकता अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा बता दिया गया है। अमेरिका में ऐसे निहित स्वार्थी समुदाय हैं जिनके अंदर यह भाव गहरा हुआ है कि अगर ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति बने तो उनके लिए समस्याएं पैदा होंगी। बड़ी संख्या में गैर अमीर क्यों और अवैध और अप्रवासियों को लगता है कि उन्हें देश से जाना पड़ सकता है। संयोग देखिए की ट्रंप पर गोली उस समय चली जब वह एक चार्ट पढ़ते हुए बता रहे थे कि अमेरिकी सीमा पार करने वाले अवैध प्रवासियों की संख्या कितनी है। ट्रंप एवं उनके समर्थकों ने अमेरिका में अवैध रूप से आने और रहने को एक बड़ा मुद्दा बनाया है। यह अनायास नहीं है कि ट्रंप को किसी तरह राष्ट्रपति की दौर से बाहर करने के हर प्रयास अमेरिका में हो रहे हैं। चूंकि अभी तक इसमें सफलता नहीं मिली है इसलिए संभव है कुछ व्यक्तियों या समूहों ने उन्हें रास्ते से ही हटा देने का निर्णय किया हो, इसलिए यह हमला अंतिम नहीं हो सकता। अगर भारत की ओर लौटें तो प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे हिंदुत्व विचारधारा को मानने वाले संगठनों को लेकर ऐसे ही वातावरण बनाने की कोशिश हुई है। ज्यादातर गैर भाजपायी राजनीतिक दलों के नेताओं, मीडिया के एक वर्ग, बुद्धिजीवी, एक्टिविस्ट, थिंक टैंक आदि भारत में भी उनके प्रति ऐसी ही घृणा और विरोध पैदा कर रहे हैं। इन संगठनों को फासिस्ट, अल्पसंख्यक विरोधी, हिंसक, भारतीय समाज की एकता का दुश्मन और न जाने क्या-क्या कहा गया है। एक बड़े वर्ग के अंदर यह भावना पैदा कर दी गई है कि अगर आपको स्वयं, देश को बचाना है तो इन सबको हर स्तर पर पराजित करना होगा। हम सोशल मीडिया से लेकर टीवी डिबेटों पर उनके विरोधियों की भाषा देख सकते हैं। पूरे देश के एक बड़े वर्ग के अंदर घृणा का भाव पैदा हुआ है। इस समय विश्वभर में इस तरह की प्रवृत्ति उभरी है। पूर्व में क्रांति कर सत्ता बदलने के विचार-व्यवहार वाले कम्युनिस्टों की जगह एक ऐसे नव वाममार्गी विचारधारा पूरी दुनिया में दिख रही है जो राष्ट्रवाद पर गर्व करने वाले संगठनों को लेकर घृणा-विरोध नैरेटिव और अन्य संसाधनों से पैदा कर रहा है। भारत और अमेरिका दो देश इस समय इन मामलों में सबसे आगे हैं। इन दोनों देशों के अंदर समाज में तनाव और गुस्सा धीरे-धीरे बढ़ाया गया है। यह अजीब किस्म का नया वामवाद या कम्युनिज्म है जिसकी अपनी विचारधारा स्पष्ट नहीं लेकिन ये उसी तरह की रेडिकल बातें करते हैं। हैरत की बात यह है कि इनमें विश्व के बड़े पूंजीपति, एनजीओ और संस्थान शामिल हैं। अमेरिका में इनकी संख्या ज्यादा है इसलिए इसका प्रभाव वहां सर्वाधिक दिखा है। भारत में संघ, भाजपा या ऐसे कुछ संगठनों का जमीन तक विचारधारा के आधार पर संगठन है इस कारण यहां ऐसा प्रभाव नहीं दिखता है। कई बार एक ही परिवार या रिश्तों के बीच दोनों विचारधाराओं के लोग हैं। ऐसी सामाजिक संरचना दूसरे देश में नहीं है। सच कह तो इस कारण हम बचे हुए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश हम सबके लिए सबक होना चाहिए। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में असहमति और मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु राजनीति और सार्वजनिक जीवन में घृणा और दुश्मनी का कोई स्थान नहीं। हम एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी होंगे, राजनीतिक और वैचारिक विरोधी होंगे, किंतु दुश्मन नहीं जिसके विरुद्ध इतनी घृणा पैदा की जाए कि लोग हिंसा की सीमा तक पहुंच जाए। यह सभी पक्षों पर लागू होता है। हालांकि जैसा वातावरण भारत, अमेरिका सहित कई देशों में बन चुका है उसमें कोई तत्काल इससे सबक लेगा इसकी संभावना कम है। अगर सबक लेकर हम संभलने या संभालने की कोशिश करें तो उसमें भी सफलता की संभावना कमजोर हो गई है, क्योंकि वातावरण काफी विषाक्त बन चुका है। इसलिए सबके सामने यही प्रश्न है कि स्थिति को हम कैसे संभालें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



एडम चोटी या एडम पीक श्रीलंका के आकर्षण में एक नायाब हीरा हैं जोकि श्रीलंका दर्शन के महत्व को और अधिक बढ़ा देता हैं। एडम पीसक के शिखर पर एक पत्थर में एक पदचिह्न है। जोकि अलग-अलग धर्म के लोगो के लिए अध्यात्मिक महत्व रखता हैं और वर्तमान समय में शिखर पर एक बौद्ध मठ बना हुआ है।

# मोह-माया से दूर रहकर ही मुक्ति संभव



संकलित
**दर्शन**

हम एक-दूसरे की ओर ध्यान से देखते हैं, तो पाते हैं कि हम में से हरेक के गुण अलग हैं। तौर-तरीके अलग हैं। विचार अलग हैं। बात करने का तरीका, कार्य करने का तरीका भी अलग है। अगर हम अपने आपको श्रेणिबद्ध करने की कोशिश करें, तो चार किस्म की श्रेणियां हैं, जिसमें कि इनसान अपने आपको पाता है। एक महापुरुष की जिंदगी का एक किस्सा है। एक बार वे अपने शिष्यों के साथ समुद्र के किनारे टहल रहे थे। वहां उन्होंने देखा कि एक मछुआरा अपना जाल डालकर पानी में बैठा हुआ है। जैसे ही वे उस मछुआरे के पास से गुजरे, तो रुक गए। उन्होंने अपने शिष्यों से कहा कि जाकर देखो, उस मछुआरे के जाल में किस किस्म की मछलियां फंसी हुई हैं? शिष्यों ने आकर संत से कहा कि उन्होंने वहां तीन किस्म की मछलियां देखी हैं। कई मछलियां ऐसी थीं, जो कि जाल में एकदम निढाल होकर पड़ी हुई थीं, वे ऐसे लेटी हुई थीं, जैसे कि उन्हें कुछ नहीं करना। दूसरी किस्म की मछलियां ऐसी थीं, जो जाल में से निकलने के लिए कुछ हाथ-पैर मार रही थीं, लेकिन वे जाल में फंसी रहीं। तीसरी किस्म की मछलियां वे थीं, जिन्होंने बहुत हाथ-पैर मारे और मारते-मारते कुछ जाल में से बाहर निकल गईं। संत ने अपने शिष्यों को समझाते हुए कहा कि हम इनसान भी कुछ ऐसे ही जीते हैं। कुछ लोग ऐसे हैं, जो माया के जाल में ऐसे फंसे हुए हैं कि वे सोचते ही नहीं कि वे जाल में फंसे हुए हैं, वे वैसे ही उस जाल में टिके रहते हैं। उसी में मस्त रहते हैं। दुनिया के कार्यों में लगे रहते हैं।

# सब दिशाओं में फैलती है सतकर्मों की सुगंध




संकलित
**प्रेरणा**

महात्मा बुद्ध धर्म-प्रचार के लिए स्थान-स्थान पर जाते थे। उनके वचनों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग उनके शिष्य बन जाते थे। जो लोग उनके शिष्य नहीं बन सके, वे उनके अनुयायी बन गए। बुद्ध अपने सभी शिष्यों को समान मानते थे। इनमें आनंद नाम का एक शिष्य था, जो उनके सबसे प्रिय शिष्यों में से एक था। एक बार आनंद श्रावस्ती में संध्या के समय विपश्यना कर रहे थे। उनके साथ अनेक शिष्य और आम जन भी थे। विपश्यना करते हुए अचानक उनका ध्यान पास ही खिले हुए फूलों की ओर गया। उन खिले हुए फूलों की सुंदरता को देखकर वह चिंतन करने लगे कि ये फूल देखने में जितने सुंदर हैं, उतनी ही अच्छी इनकी सुगंध भी है। लेकिन यह क्या? यह सारी सुगंध तो उस ही दिशा में बह रही है, जिस ओर हवा बह रही है। जबकि इन फूलों की सुगंध को तो चारों ओर फैलना चाहिए। आखिर इसका कारण क्या है? फूलों की सुगंध हवा का अनुसरण क्यों कर रही है। ऐसा लगता है मानो हवा फूलों की इस सुगंध को अपनी ओर खींच रही हो। यह चिंतन करते-करते आनंद को ध्यान आया कि बुद्ध ने तीन प्रकार की उत्तम गंध की चर्चा की है। ये हैं- 'मूलगंध', 'सारगंध' और 'पुष्पगंध।' क्या इसके अलावा कोई और भी गंध है, जो हवा के विपरीत या सब तरफ फैले। आनंद के मन में विचार आया कि क्यों न बुद्ध के पास जाकर इस शंका का समाधान पाया जाए। ऐसा सोचकर वह बुद्ध के पास गए और बोले, 'भंते! क्या इस जगत में ऐसी भी कोई सुगंध है, जो हर दिशा में अपनी सुगंध बिखेरती हो।

## विश्व न्याय दिवस

अखिलेश आर्येन्दु



# सब को समान न्याय एक चुनौती

दुनिया में मानवता के खिलाफ अपराध को रोकना मानवतावादियों के लिए चुनौती रही है। आज भी दुनिया में कहीं न कहीं नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ संहार चलते रहते हैं। इन्हें रोकने की तमाम कवायदें चलती रहने के बावजूद इन्हें रोकना संभव नहीं हो पाया है। इन्हें रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना हुई। 17 जुलाई 1998 को 120 देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि नामक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए। तब से इसे अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रूप में जाने जाना लगा। रोम संविधि का जश्न मनाने के लिए, विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस तब से मनाया जाने लगा। पिछले 22 वर्षों में दुनिया में न्याय के क्षेत्र में तमाम बदलाव आए हैं। मानवता के खिलाफ दुनिया में चलाए जा रहे तमाम षड्यंत्रों को विफल करने में इस संस्था की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। इसकी स्थापना के पीछे नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णयों का समर्थन करना भी है। 2010 में राज्य दलों की सभा ने संविधि की समीक्षा सम्मेलन में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निश्चय किया। दुनिया के तमाम देश इसे मनाते हैं। पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देना इस दिवस के मनाने की खास वजह रही है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून, न्यायपूर्ण और निष्पक्ष समाज की जरूरत आज विश्व समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। एक सर्व सहमति से समझ बनाने की जरूरत है जो आतंक, नरसंहार और गैर इंसानी गतिविधियों के शिकार हो हलाकानी झेलने के लिए अभिशप्त हैं। विश्व समाज आज डर के माहौल में जीने के लिए मजबूर है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोशिशों की भूमिका खास मायने रखती है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें हर साल अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समतापूर्ण समाज बनाने की जरूरत को याद दिलाता है। समाज को समर्थ बनाने की दिशा में इस दिवस की महत्ता खास है, साथ ही समाज से असमानता, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार होना भी है। आज जरूरी है कि विश्व समाज में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय, राजनीतिक न्याय और कानूनी न्याय बगैर भेदभाव सभी को न्याय मिले। यह आज की सबसे बड़ी चुनौती है। विधि क्षेत्र में न्याय के जिन चार प्रकारों की बात की जाती है उनमें वितरणात्मक (यह निर्धारित करना कि किसे न्याय मिलता है) प्रक्रियात्मक न्याय (यह निर्धारिक तरना कि लोगं के साथ कितना निष्पक्ष व्यवहार किया जाता है) प्रतिशोधात्मक न्याय ( गलत काम करने पर दंड के आधार पर) और पुनर्स्थापनात्मक (जो रिश्तों को सही बनाने की कोशिश करता है) इन चार तरह के न्यायों को समझना और दूसरों को इनके प्रति जागरूक करना भी इस दिवस का एक हिस्सा है। विकासशील देशों में ही अन्याय के मामले ज्यादा नहीं हैं, बल्कि विकसित देशों में अन्याय से पीड़ित लाखों की तादाद में लोग हैं। भारत में करोड़ों की तादाद में न्यायालयों में मुकदमे लम्बित हैं। करोड़ों मुकदमों का फैसला तब आता है जब वादी या प्रतिवादी इस दुनिया से रुख्सत हो चुके होते हैं। बगैर भेदभाव के न्याय दिलवाने और समय से दिलवाने के लिए विश्व स्तर पर सामूहिक प्रयास तो होने ही चाहिए। संविधि में शामिल सभी देशों को एक मत से इस पर गौर करना चाहिए की सभी को बगैर समय पर न्याय मिले। इससे इस दिवस का महत्व और बढ़ भी जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अनियंत्रित यातायात

राजधानी के संतोषीनगर चौक पर हर दिन यातायात अनियंत्रित हो जाता है। ओवरब्रिज के पास हमेशा जाम की स्थिति रहती है। ऐसे में लोगों को रास्ता पार करना मुश्किल हो जाता है। संतोषीनगर बाजार से ओवरब्रिज के बीच ट्रकें रास्ते को रोकती है। ऐसे में वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। बारिश के दिनों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में यह रास्ता काफी मुश्किलभरा है।

*- राजेंद्र कुमार*

## करंट अफेयर

# 16 लाख बच्चों ने 2023 में नहीं ली टीके की एक भी खुराक

भारत में 2023 में करीब 16 लाख बच्चों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली। इस क्रम में भारत का स्थान दूसरा है जबकि पहले स्थान पर नाइजीरिया है जहां 21 लाख बच्चों को इसी अवधि के दौरान टीके की एक भी खुराक नहीं मिली। भारत की रैंकिंग में हालांकि 2021 की तुलना में सुधार हुआ है, जब देश में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक 27 .3 लाख बच्चों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2023 में नाइजीरिया में शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या सबसे अधिक 21 लाख थी। भारत के बाद अन्य देश इथियोपिया, कांगो, सूडान और इंडोनेशिया हैं। इस श्रेणी में शीर्ष 20 देशों में चीन 18वें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान 10वें स्थान पर है। टीकाकरण एजेंडा 2030 (आईए2030) के संदर्भ में, 2021 में शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या के आधार पर, बीस देशों को प्राथमिकता दी गई। दक्षिण एशिया क्षेत्र (रोसा) के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या के आधार पर रैंक किए गए देशों में, 2021-2023 में भारत 1,592,000 शून्य खुराक वाले बच्चों के साथ आठ देशों में से पहले स्थान पर है।



## ऑफ बीट

# रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची

भारत ने 346 सैन्य हार्डवेयर की एक नयी सूची की घोषणा की जिसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण प्रणालियां और हथियार शामिल हैं। इन्हें एक निश्चित समय-सीमा के भीतर उनके आयात पर प्रतिबंध लागू होने के बाद केवल सरकार द्वारा संचालित घरेलू निर्माण इकाइयों से ही खरीदा जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि घरेलू रक्षा उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत पिछले तीन वर्ष में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है। मंत्रालय ने कहा कि 346 वस्तुओं वाली पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची को अधिसूचित किया गया है और इन वस्तुओं का उत्पादन रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) द्वारा किया जाएगा। बयान में कहा गया है, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और डीपीएसयू द्वारा आयात को न्यूनतम करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग ने 346 वस्तुओं वाली पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को अधिसूचित किया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इससे अर्थव्यवस्था में वृद्धि को गति मिलेगी, रक्षा में निवेश बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं।



## ट्रेंड

### भारतीय भाषा को बढ़ावा देना



प्रत्येक भारतीय भाषा को बढ़ावा देना, संरक्षित करना, लोकप्रिय बनाना और समृद्ध करना नई शिक्षा नीति की प्राथमिकता है। भारतीय भाषाओं में लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का इंतजार करें।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### बाइडेन सही कह रहे



राष्ट्रपति बाइडेन बिल्कुल सही कह रहे हैं, कि इस तरह की हिंसा के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। एक देश के रूप में हम हर बात पर सहमत नहीं हो सकते हैं, लेकिन हमें उस पर सहमत होने में सक्षम होना चाहिए।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### जम्मू कश्मीर की स्थिति



जम्मू कश्मीर में फिर से आतंकी मुठभेड़ में हमारे जवान शहीद हो गए। शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। एक के बाद एक ऐसी भयानक घटनाएं चिंताजनक है। ये आतंकी हमले जम्मू कश्मीर की स्थिति बयान कर रहे हैं।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### दयालु नेताओं की जरूरत



क्या करुणा, सहानुभूति, दयालुता या परोपकार के समान है? ये शब्द अक्सर एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किए जाते हैं, लेकिन क्या ये वास्तव में पर्यायवाची हैं? मेरा दृष्टिकोण है कि करुणा का क्या अर्थ है और क्यों पहले से अधिक दयालु नेताओं की आवश्यकता है

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

चुनाव में दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवारों ने उठाए थे सवाल

# निर्वाचन आयोग ने असंतुष्ट उम्मीदवारों को ईवीएम की जांच का तरीका तय करने का विकल्प दिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में छेड़छाड़ के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले असंतुष्ट उम्मीदवारों को किसी भी मतदान केंद्र के ईवीएम मशीन से प्रयोगिक मतदान या प्रयोगिक तौर पर वीवीपैट की पर्चियों की जांच सहित विभिन्न विकल्प दिए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को जारी मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) के मुताबिक चुनाव में दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवारों को बड़ी संख्या में उनके चुने हुए मतदान केंद्रों के ईवीएम की जांच करने का विकल्प दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि नियंत्रित जांच की पुरानी परिपाटी से आगे जाने से जांच और सत्यापन प्रक्रिया संबंधी कोई पूर्वाग्रह या छेड़छाड़ की संभावना या आशंका समाप्त हो जाती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम से छेड़छाड़ को बताया था तथ्यहीन



निर्वाचन आयोग को भाजपा और कांग्रेस सहित आठ असंतुष्ट उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें चार जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद ईवीएम में लगे माइक्रो-कंट्रोलर चिप्स में कथित छेड़छाड़ या बदलाव की जांच कराने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम में छेड़छाड़ की आशंका को 'तथ्यहीन' करार देते हुए मतपत्र से मतदान कराने की पुरानी प्रक्रिया बहाल करने के वास्ते दाखिल याचिकाओं को 26 अप्रैल को खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने लेकिन साथ ही दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले असंतुष्ट उम्मीदवारों के लिए रास्ता खोलते हुए उन्हें लिखित आवेदन एवं शुल्क के साथ प्रति विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पांच प्रतिशत ईवीएम के 'माइक्रो कंट्रोलर' चिप्स की जांच एवं सत्यापन कराने की अनुमति दी थी।

## मतदान करके भी कर सकते हैं जांच

निर्वाचन आयोग ने कहा कि पात्र उम्मीदवार विधानसभा क्षेत्र या निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों या मशीनों की क्रम संख्या का विकल्प दे सकते हैं, बशर्ते कि उस क्षेत्र या सीट में प्रयुक्त अधिकतम पांच प्रतिशत ईवीएम की जांच और सत्यापन प्रक्रिया हो। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आवेदक की पसंद के अनुसार पूरे निर्वाचन क्षेत्र से ईवीएम का चयन किया जाए तथा किसी विशेष मशीन के चयन या उसे छोड़ने में किसी तीसरे पक्ष या अधिकारी की भागीदारी नहीं होगी। आयोग ने कहा कि उम्मीदवारों को किसी निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी मतदान केंद्र के ईवीएम को जांच के लिए चुनने का भी विकल्प दिया जाएगा। यदि कोई भी आवेदक उम्मीदवार किसी विशेष मतदान केन्द्र की कोई विशिष्ट इकाई - बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट या वीवीपैट का चयन करता है, तो वह उस मतदान केन्द्र पर प्रयुक्त उसी सेट की अन्य इकाइयों को चुनने के लिए बाध्य नहीं है। आयोग किसी भी मशीन से अपनी इच्छा के अनुसार प्रायोगिक मतदान करके यह जांच कर सकते हैं कि मशीन से सही मतदान हुआ है या नहीं।

## केजरीवाल के पीए बिभव के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को स्वाति मालीवाल केस में सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के खिलाफ 500 पेज की चार्जशीट दाखिल कर दी है। बिभव कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीस हजारी कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि 30 जुलाई को बिभव कुमार को पेश किया जाए। बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 16 जुलाई को खत्म हो रही है। 12 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें को बेल देने से इनकार कर दिया। जस्टिस अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा कि आपको जमानत देने का कोई ग्राउंड नहीं बनता।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 229 दिनांक 15.07.24 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना आई.एम.टी जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे –**
**नाम** - पूजा
**पिता/पति का नाम**- पत्नी विकास
**पता**- निवासी गांव खेडी साध जिला रोहतक
**उम्र**- 27 वर्ष
**कद**- 5 फुट 3 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा।
**पहनावा** - काले रंग का सूट सलवार, व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 15.07.24 को पूजा पत्नी विकास निवासी गांव खेडी साध जिला रोहतक अपने बच्चों बेटी प्रत्युषा 9 वर्ष, व बेटा प्रंजय 3 वर्ष को साथ लेकर बिना किसी को बताए अपने घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी रोहतक- 9466309201

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 186 दिनांक 15.07.24 धारा 127(6) BNS 2023 थाना पी.जी.आई.एम.एस जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे –**
**नाम** - राम प्यारी
**पिता/पति का नाम** – पत्नी ख्याली राम
**पता**- निवासी चिन्योट कालोनी, जिला रोहतक
**उम्र**- 48 वर्ष
**कद** - 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**- रंग गोरा, हष्ट पुष्ट शरीर, लम्बूतरा चेहरा।
**पहनावा** – लाल रंग की साडी व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 15.07.24 को राम प्यारी पत्नी ख्याली राम निवासी चिन्योट कालोनी, जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक- 7082999121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक- 9466256256

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 303 दिनांक 15.07.24 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मंडी जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे –**
**नाम** - रोबिन सैनी
**पिता/पति का नाम**- पुत्र रतन सिंह
**पता** – निवासी रिच्छपाल कालोनी हाल किरायेदार नजदीक प्रेम नगर चौक रोहतक
**उम्र**- 28 वर्ष
**कद**- 5 फुट 7 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
**पहनावा** – संतरी रंग की टी शर्ट, सफेद व नीली काली लोवर, व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 15.07.24 को रोबिन सैनी पुत्र रतन सिंह निवासी रिच्छपाल कालोनी हाल किरायेदार नजदीक प्रेम नगर चौक रोहतक अपने 10 महीने के बेटे चिराग को साथ लेकर अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 9813568669

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 240 दिनांक 15.07.24 धारा 140 (3) BNS 2023 थाना सांपला जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे –**
**नाम** - दीपांशु
**पिता/पति का नाम** – पुत्र धर्मबीर
**पता** – निवासी गांव नौंनद, जिला रोहतक
**उम्र**- 14 वर्ष
**कद**- 5 फुट 6 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, सेहत शुदा, सिर पर निशान चोट।
**पहनावा** – नीले रंग की टी शर्ट, पजामा व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।


दिनांक 15.07.24 को दीपांशु पुत्र धर्मबीर निवासी गांव नौंनद जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9466232567

पीआरडीएच-1084/11/2526/2025/27867/88/6 दि. 16.07.24


## खबर संक्षेप

### कल फिर खोला जाएगा पुरी का रत्न भंडार



**पुरी।** पुरी रत्न भंडार गुरुवार को फिर से खोला जाएगा। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने मंगलवार को कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष गुरुवार को सुबह 9.51 बजे से दोपहर 12.15 बजे के बीच फिर से खोला जाएगा। इस दौरान आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जाएगा। बैठक में फैसला हुआ।

### सुवेंदु ने लॉन्च किया विशेष पंजीयन पोर्टल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी ने एक पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल में वो लोग शिकायत दर्ज कर पाएंगे, जिन्होंने आरोप लगाया है कि वे लोकसभा चुनाव और उपचुनाव के दौरान वोट नहीं डाल सके। उपचुनाव में हजारों लोग वोट नहीं डाल सके। सुवेंदु का दावा है कि लोकसभा चुनाव में लाखों हिंदुओं को वोट नहीं डालने दिया गया।

### कविता की तिहाड़ जेल में तबीयत बिगड़ी,भर्ती

**नई दिल्ली।** कथित शराब घोटाले में आरोपी के कविता की तिहाड़ जेल में तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें



दिल्ली केडीडीयू अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अब उन्हें क्या दिक्कत हुई, किस वजह से अस्पताल ले जाई गईं, अभी साफ नहीं। इससे पहले भी उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कुछ दिक्कतें रही हैं, तब भी कोर्ट से राहत मांगी गई थी। कविता शराब नीति घोटाला मामले में जेल में हैं।

### स्टेशनरी ब्रांड कैमलिन के चेयरमैन नहीं रहे

**नई दिल्ली।** स्टेशनरी ब्रांड कोकुयो कैमलिन के चेयरमैन सुभाष दांडेकर का सोमवार को 86 वर्ष में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट्रल मुंबई में किया गया। दांडेकर ने कैमलिन को गुणवत्तापूर्ण स्टेशनरी और शैक्षिक उत्पादों के रूप में एक घरेलू नाम के रूप में स्थापित करने में भूमिका निभाई थी।

## 22 जुलाई से शुरू होगा संसद का मानसून सत्र, 12 अगस्त तक चलेगा

# संसद सत्र से पहले सरकार ने 21 जुलाई को बुलाई सर्वदलीय बैठक, तृणमूल कांग्रेस नहीं होगी शामिल

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने अगले सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने एक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, ''संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू संसद के बजट सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। यह सर्वदलीय बैठक 21 जुलाई, 2024 को सुबह 11 बजे संसदीय सौध स्थित मुख्य समिति कक्ष में आयोजित की जाएगी।'' सत्र आरंभ होने से पहले सभी दलों के सदन के नेताओं की इस पारंपरिक बैठक में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस का कोई भी प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल नहीं होगा क्योंकि पार्टी 21 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाती है। तृणमूल कांग्रेस संसदीय दल के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने रीजीजू को पत्र लिखकर सूचित किया है कि उनकी पार्टी इस बैठक में शामिल नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा, ''30 वर्षों से 21 जुलाई को बंगाल में हमारे 13 साथियों के सम्मान में 'शहीद दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो 1993 में पुलिस की गोलीबारी में गैरकानूनी रूप से मारे गए थे।'

## वित्त मंत्री सीतारमण 23 जुलाई को पेश करेंगी आम बजट



### पारंपरिक हलवा समारोह में शामिल हुई वित्त मंत्री बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देने का काम शुरू

**नई दिल्ली (भाषा)।** बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देने का आखिरी चरण माना जाने वाला पारंपरिक हलवा समारोह मंगलवार को हुआ। इसके साथ वित्त वर्ष 2024-25 के बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देने का काम शुरू हो गया है। बजट 23 जुलाई को लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस समारोह में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हुईं और उन्होंने परंपरा के तौर पर हलवा बांटा। यह हर साल होने वाली समारोह है जिसमें हलवा तैयार किया जाता है और बजट की तैयारी में शामिल रहे वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को परोसा जाता है। यह समारोह दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक के 'बेसमेंट" में आयोजित किया जाता है। यहीं पर प्रिंटिंग प्रेस है। वित्त मंत्रालय नार्थ ब्लॉक में ही स्थित है। इसमें वित्त मंत्री और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल हुए।

### पहला चरण रहा था हंगामेदार

संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है और यह 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद पहले संसद सत्र में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' यानी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' ने हाल ही में नीट विवाद, मणिपुर की स्थिति और महंगाई जैसे मुद्दों को उठाया था और नारेबाजी व शोरगुल के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई थी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के दौरान दोनों सदनों में विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। लोकसभा में प्रधानमंत्री के जवाब के दौरान विपक्षी सांसदों ने मणिपुर पर बयान देने की मांग करते हुए नारेबाजी की जबकि राज्यसभा में विपक्ष ने बहिर्गमन किया था।

### इस बार भी पूर्ण रूप से डिजिटल रहेगा बजट

वित्त मंत्रालय ने ट्विटर पर लिखा है, ''वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए बजट तैयारी प्रक्रिया का अंतिम चरण यहां पारंपरिक हलवा समारोह के साथ शुरू हुआ।'' इस दौरान वित्त मंत्री ने बजट प्रेस का दौरा भी किया और संबंधित अधिकारियों को शुभकामनाएं देने के अलावा तैयारियों की समीक्षा की। पिछले तीन पूर्ण केंद्रीय बजट और अंतरिम बजट की तरह, 2024-25 का बजट भी कागज रहित यानी डिजिटल रूप में होगा। वार्षिक वित्तीय विवरण (जिसे बजट के रूप में जाना जाता है) अनुदान मांगें, वित्त विधेयक आदि सहित केंद्रीय बजट के सभी दस्तावेज 'केंद्रीय बजट मोबाइल ऐप' पर उपलब्ध होंगे। समारोह में सीतारमण के अलावा, वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी और वित्त सचिव टी वी सोमनाथन, आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। दरअसल 'हलवा' समारोह केंद्र सरकार के बजट की तैयारी में शामिल वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को 'अलग रखने' की प्रक्रिया है। यानी बाहर की दुनिया से वे पूरी तरह अलग-थलग होते हैं। ये अधिकारी और कर्मचारी संसद में बजट पेश होने तक नॉर्थ ब्लॉक के 'बेसमेंट' में ही रहते हैं। जहां पूरी गोपनीयता रखी जाती है। वित्त मंत्री के लोकसभा में अपना बजट भाषण पूरा करने के बाद ही वे बाहर आते हैं।

# धार्मिक कारण से मुस्लिम पुलिसकर्मी दाढ़ी रख सकेंगे

## मद्रास हाई कोर्ट का अहम फैसला

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने जी अब्दुल खादर अब्राहिम बनाम पुलिस आयुक्त और अन्य के मामले में माना कि मुस्लिम पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान साफ-सुथरी दाढ़ी रख सकते हैं।

इसके लिए हाई कोर्ट ने 1957 के मद्रास पुलिस राजपत्र का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि तमिलनाडु में मुस्लिम पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान भी साफ-सुथरी दाढ़ी रखने की अनुमति है। जस्टिस एल विक्टोरिया गौरी ने कहा कि भारत विविध धर्मों और रीति-रिवाजों का देश है। पुलिस विभाग अपने मुस्लिम कर्मचारियों को उनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दाढ़ी रखने के लिए दंडित नहीं कर सकता। यह आदेश एक पुलिस कांस्टेबल की याचिका पर पारित किया गया था, जिसे मक्का से लौटने के बाद दाढ़ी के साथ एक वरिष्ठ अधिकारी के सामने उपस्थित होने के लिए दंडित किया गया था। 2018 में कांस्टेबल को मक्का की धार्मिक यात्रा के लिए 31 दिन की छुट्टी दी गई थी।

## 'सर तन से जुदा' का नारा लगाने वाले खादिम को कोर्ट ने किया बरी

**अजमेर।** निलंबित भाजपा नेता नूपुर शर्मा के खिलाफ 'सर तन से जुदा' का नारा लगाने के आरोप में



गिरफ्तार अजमेर शरीफ दरगाह के खादिम गौहर चिश्ती को मंगलवार को स्थानीय अदालत ने बरी कर दिया है। अदालत ने इस मामले में छह अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया है। जून 2022 में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें गौहर चिश्ती और अन्य को अजमेर दरगाह के मुख्य द्वार पर नूपुर शर्मा के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाते देखा गया था।

## मुंबई हिट-एंड-रन केस, आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**मुंबई।** मुंबई की कोर्ट हिट-एंड-रन केस के आरोपी और शिवसेना नेता राजेश शाह के बेटे मिहिर शाह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पहले मिहिर को सात दिन तक पुलिस कस्टडी में रखा गया था।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

### TENDER NOTICE

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below item.

| S. N. | E-Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing date & Time | EMD (IRs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98245325A | सामग्री के ढेर लगाने के लिए रैक का प्रावधान और शेड परिसर में महत्वपूर्ण लोको उपकरणों को संभालने के लिए स्टैंड का प्रावधान। अनुलग्नक–ए एवं बी के अनुसार। (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर | 1 Set. | 19.08.2024 एवं 11:00 hrs | 91280.00 |

Note: -1) Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2) No manual offer will be entertained. E-Tender Notice सं0 98245325A Dated: 16.07.2024 2168/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य सरकार के लिए जेएचएल–एचएसआर खंड पर जीजेडब्ल्यू और यूकेएन स्टेशनों के बीच किलोमीटर 26/18–19 पर 1000 मिमी आवरण के माध्यम और 1200 मिमी आवरण एमएस कैसिंग पाइप से 800 मिमी डीआई के–9 सीवरेज पाइप को रेलवे ट्रैक/जमीन के नीचे से पारिंग। | 82,79,960 | 1,65,600 | 3 महीने | 09.08.2024 |
| 2 | डीईएन/सीडीजी के तहत 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई–डब्ल्यू–सीडीजी–I के अनुभाग में सीडीजी–एमआरएनडी अनुभाग (सीडीजी सहित) के लिए जोन ए के तहत और एसएसई/डब्ल्यू–II/सीडीजी के अनुभाग में (सीडीजी को छोड़कर) यूएमबी–केएलके अनुभाग में जोन बी के तहत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वॉशिंग और पैंटिंग | 1,91,99,999 | 2,46,,000 | 12 महीने | 09.08.2024 |
| 3 | सीनियर एडीईएन/यूएमबी के तहत एसएसई/डब्ल्यू–एम/यूएमबी के अनुभाग में जोन ए और सी के तहत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनो की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वॉशिंग और पैंटिंग। | 96,00,000 | 1,92,000 | 12 महीने | 09.08.2024 |
| 4 | सीनियर एडीईएन/यूएमबी के तहत एसएसई/डब्ल्यू–ई/यूएमबी के अनुभाग में जोन बी और मंडल रेलवे अस्पताल के तहत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनो की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वॉशिंग और पैंटिंग। | 1,20,00,000 | 2,10,000 | 12 महीने | 09.08.2024 |
| 5 | एडीईएन/राजपुरा के तहत एसएसई/डब्ल्यू/राजपुरा के अनुभाग में जोन राजपुरा के तहत कुशल और अकुशल श्रमिको को काम पर रखने के साथ–साथ स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग। | 1,49,99,999 | 2,25,000 | 12 महीने | 09.08.2024 |
| 6 | एडीईएन/सरहिंद के अधीन एसएसई/वर्क्स/सरहिंद के अनुभाग में 2024–25 के लिए जोन ए (सरहिंद सहित) से आरपीएआर (छोड़कर) और न्यू मोरिंडा से एसएनएल अनुभाग के तहत कुशल और अकुशल श्रमिको को काम पर रखने के साथ साथ स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग। | 99,99,999 | 2,00,000 | 12 महीने | 09.08.2024 |
| 7 | एडीईएन/सरहिंद के तहत एसएसई/वर्क्स/नंगलडैम के अनुभाग में 2024–25 के लिए जोन रोपड (सहित) से डीएलपीसी (सहित) अनुभाग के तहत कुशल और अकुशल श्रमिको को काम पर रखने के साथ–साथ स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग। | 99,99,999 | 2,00,000 | 12 महीने | 09.08.2024 |
| 8 | ADEN/SRE के अनुभाग में पुल संख्या 1317 UP और DN 219 UP और DN 245 UP और DN, 1307 UP, 260 DN और 251 DN पर पाथवे चेकर्ड प्लेट की मरम्मत। | 16,83,130 | 33,700 | 04 महीने | 09.08.2024 |

नोटः–
1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें।
4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा संख्या 17–अम्बाला/2024–25 दिनांक : 16.07.2024 2159/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव एसपी माजरा, ब्लॉक गोहाना में बिरबडा तालाब से जुगती राम बैरागी के खेत तक बीओईपी रास्ता का निर्माण। | बंद होने की तिथि 19.07.2024 | 6.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | भटगांव माल्याण रोलान पाना, ककरोई, गढी हकीकत, ककरोई, ब्लॉक सोनीपत में शमशान घाट में शैड रास्ता हैंडपम्प चारदिवारी, कब्रिस्तान का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | 102.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गांव बस्ताली, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में सामान्य सामुदायिक हॉल का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई 2024-25 + 2 कार्य। | 15.07.2024 30.07.2024 | 23.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज फतेहाबाद | धांगर – गांव धांगर, ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में एससी शमशान घाट में पानी के टैंक का निर्माण एचआरडीएफ + 25 कार्य। | 12.07.2024 19.07.2024 | 226.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 23085501667 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | आउटलेट आरडी 8000/आर जुगलान सब माइनर (यूजीपीएल) पर वाटरकोर्स की रिमॉडलिंग / पुनः स्थापना + 10 कार्य। | 15.07.2024 24.07.2024 | 738.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 222856403 xenconst6hsr@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | आरडी 0 से 58000 टेल तक बधावर डिस्टी. की रिमॉडलिंग + 1 कार्य। | 15.07.2024 06.08.2024 | 1269.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 222856403 xenconst6hsr@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | गांव चपलाना में भगवानी हेमराज के खेत के लिए जल संग्रहण टैंक का निर्माण, गांव धामन, जीपी भोज टिपरा ब्लॉक मोरनी एसडीए में गली में आर/वॉल का निर्माण। | 15.07.2024 22.07.2024 | 6.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कालांवाली ग्रामीण :- गांव में राइजिंग मेन और वितरण पाइप लाइन बिछाना, वी/एस पर यूजीआर, पम्प चेम्बर, चारदिवारी के निर्माण, मशीनरी का पी/एफ और जलघर पर विविध कार्य हेतु डीएनआईटी। कालांवाली ग्रामीण :- सीएच. टू कालांवाली ग्रामीण :- गांव कालांवाली जिला सिरसा में वितरण प्रणाली के अपग्रेडेशन और बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण हेतु आकलन (माननीय सी.एम. द्वारा जन संवाद के दौरान मांग) [कार्य कोड : पीयूएच/2023-24/95875] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94- एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी)-जलापूर्ति संवर्धन} + 3 कार्य। | 15.07.2024 22.07.2024 | 377.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 9 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में लाडवा निर्वाचन क्षेत्र में हार्ड शॉल्डरिंग और मजबूतीकरण/सुधार सहित 8 अदद रोड को चौड़ा करना, 1. अकालगढ़ से बाबैन वाया सुनारियां (रोड आईडी 7918) 2. जीटी रोड से बाबैन रोड से कौलापुर मोरथला (रोड आईडी 7943), 3. रामनगर से कांडोली (रोड आईडी 7931), 4. एनडीआरआई चौक से शाहबाद लाडवा रोड (रोड आईडी 7946) वाया लोनिवि विश्राम गृह, लाडवा, 5. लाडवा मुस्तफाबाद रोड से गंगोरी (रोड आईडी 7982), 6. मेहरा से शाहजादपुर (रोड आईडी 7986), 7. शाहबाद लाडवा रोड से नारायणगढ़ (रोड आईडी 8092), 8. संघौर रोड से राम सरन का माजरा (रोड आईडी 7924) | 05.07.2024 25.07.2024 | 373.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744257271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में लाडवा निर्वाचन क्षेत्र में हार्ड शॉल्डरिंग और मजबूतीकरण/सुधार सहित 8 अदद रोड को चौड़ा करना, 1. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से लोहारा से निवारसी डबखेड़ा (रोड आईडी 7959), 2. बड़शामी से जांधेरा छलौंडी (रोड आईडी 7967), 3. समालखा से हरिजन बस्ती (रोड आईडी 7988), 4. जांधेरा से जांधेरा स्कूल (रोड आईडी 7991), 5. छलौंडी से छलौंडी स्कूल (रोड आईडी 7992), 6. सहारनपुर कुरुक्षेत्र स्मालखी से खेड़ी डबडलैन (रोड आईडी 9382), 7. छापार से बरोंदा (रोड आईडी 9974), 8. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से मथाना वाया पावर हाउस (रोड आईडी 11866)। | 05.07.2024 25.07.2024 | 426.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744257271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में लाडवा निर्वाचन क्षेत्र में हार्ड शॉल्डरिंग और मजबूतीकरण/सुधार सहित 8 अदद रोड को चौड़ा करना, 1. टाटकी से बोदला (आईडी 7950), 2. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से सिरसामा से शादीपुर (आईडी 7953), 3. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से बिर मथाना से मुकारपुर (आईडी 7954), 4. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से छारपुर से मुकारपुर (आईडी 7956), 5. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से छारपुर से बोदला (आईडी 7962), 6. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से छारपुरा (आईडी 7955), 7. सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड से गादली (आईडी 7970), 8. लोहारा से गिरधरपुर (आईडी 7990)। | 05.07.2024 25.07.2024 | 481.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744257271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 12 | बीपीएस जीएमसी फॉर वीमेन खानपुर कलां सोनीपत | ईटीपी प्लांट का रखरखाव / मरम्मत। | 15.07.2024 22.07.2024 | 30000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टील ग्रेड एफई-410 के अद्यतन संशोधित अनुसार आईएस 4270/2001 से पुष्टिकृत, आकार 200 मिमी × 6.4 मिमी और 250 मिमी × 8.00 मिमी के आईएसआई मार्क्ड ईआरडब्ल्यू एम.एस. पाइप्स का वार्षिक दर अनुबंध। | 17.07.2024 16.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/260/27866/I/88/6 दि. 16.07.24




## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में भूस्खलन में सात के मरने की आशंका

**बेंगलुरु(भाषा)।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के शिरूर में मंगलवार को हुए भूस्खलन में एक परिवार के पांच सदस्यों सहित सात लोगों की मौत होने की आशंका है। अधिकारियों ने शुरुआती रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर सड़क किनारे एक छोटी दुकान चलाने वाले परिवार के सदस्यों के पहाड़ी से गिरी मिट्टी के नीचे दबे होने का संदेह है।

### रेलवे की रिपोर्ट में तीन स्तरों पर बड़ी लापरवाही

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा इलाके में 17 जून को मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस में पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे की जांच के दौरान रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने माना कि तीन स्तरों पर बड़ी लापरवाही की गई। उन्होंने बताया कि ऑटोमैटिक सिग्नलिंग फेल होने के बाद लोको पायलट के निर्देशों का पालन नहीं किया। साथ ही अधिकारियों ने भी लापरवाही की।

### पाक में हमला, 8 सैनिक मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक प्रमुख सैन्य छावनी पर हुए हमले में पाकिस्तानी सेना के कम से कम आठ सैनिकों की मौत हो गई जबकि सुरक्षा बलों ने सभी 10 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हमला करने वाले सभी 10 आतंकवादियों को भी मार गिराया।

### विदेश मंत्री जयशंकर सार्थक बातचीत के लिए दो दिवसीय यात्रा पर


# भारत प्रगति और समृद्धि के लिए लगातार समर्थन करता रहेगा

## द्विपक्षीय संबंध विदेशों में भारत के सफल विकास का आदर्श उदाहरण

भाषा ▶▶ पोर्ट लुईस (मॉरीशस)

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि की दिशा में भारत के निरंतर और सतत समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने हिंद महासागर क्षेत्र के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए देश के नेतृत्व के साथ व्यापक वार्ता की। जयशंकर विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के मकसद से मॉरीशस के नेतृत्व के साथ "सार्थक बातचीत" के लिए दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। हिंद महासागर के इस द्वीपीय देश की यह यात्रा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पुनः नियुक्ति के बाद जयशंकर द्वारा की गई पहली द्विपक्षीय बैठकों में से एक है। जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यह मॉरीशस के साथ भारत की स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का भी अवसर है। मॉरीशस भारत के संबंध मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में तब्दील हो गए हैं।

- 12 परियोजनाओं में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया
- द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर
- द्विपक्षीय संबंध और गहरे होंगे
- मॉरीशस ने जताई कृतज्ञता
- मॉरीशस के साथ घनिष्ठ संबंध



### द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय संबंध विदेशों में भारत के सफल विकास सहयोग का एक आदर्श उदाहरण है।" क्षेत्र में चीन की नौसेना की बढ़ती गतिविधियों के बीच विदेश मंत्री ने कहा, "भारत इस महत्वपूर्ण साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है जो हिंद महासागर क्षेत्र के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।" बैठक के दौरान जयशंकर और प्रधानमंत्री जगन्नाथ ने विकास साझेदारी, रक्षा और समुद्री सहयोग, आर्थिक और व्यापारिक संबंधों तथा लोगों के बीच संबंधों सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

### मॉरीशस ससाझेदारी को मजबूत करने को प्रतिबद्ध भारत

उन्होंने कहा, "मैं मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि की खोज में भारत के निरंतर और सतत समर्थन को दोहराता हूं।" विदेश मंत्री ने यह कहते हुए अपने संबोधन का समापन किया कि भारत मॉरीशस के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है जो "हिंद महासागर क्षेत्र के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।" इस कार्यक्रम में भारत द्वारा वित्तपोषित 12 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिक्षा, संस्कृति, आव्रजन अभिलेखागार के डिजिटलीकरण पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) तथा मॉरीशस अनुसंधान एवं नवाचार परिषद (एमआरआईसी) के बीच परियोजना दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ।

### रॉयल्टी के भुगतान का चेक भी दिया

भारत ने करीब दो दशक पुरानी भारत-मॉरीशस संयुक्त हाइड्रोग्राफिक सेवा द्वारा निर्मित मॉरीशस समुद्री चार्ट की बिक्री से अर्जित राजस्व के लिए 13 लाख एमयूआर (मॉरीशस रुपये) की रॉयल्टी के भुगतान का चेक भी दिया। जयशंकर और जगन्नाथ ने मॉरीशस में सातवीं पीढ़ी के भारतीय मूल के लोगों को ओसीआई कार्ड भी सौंपे।

### पड़ोस प्रथम की नीति पर प्रतिबद्धता जताई

इससे पहले, जयशंकर ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से जगन्नाथ को "व्यक्तिगत शुभकामनाएं" दीं और उन्हें यह भी बताया कि भारत के लोगों ने पिछले महीने मोदी सरकार के तीसरी बार शपथ लेने के अवसर पर उनकी उपस्थिति की बहुत सराहना की। यह यात्रा भारत एवं मॉरीशस के संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है और यह भारत की 'पड़ोस प्रथम की नीति', और 'ग्लोबल साउथ' के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। उसने कहा कि विशेष संबंधों का एक प्रमुख कारण यह तथ्य है कि आबादी में 70 फीसद भारतीय मूल के लोग हैं।

### वैज्ञानिकों ने की खोज

# चंद्रमा पर मिली गुफा, भविष्य में आराम कर सकेंगे अंतरिक्ष यात्री

एजेंस ▶▶ केप केनवरल (अमेरिका)

वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर एक गुफा का पता लगाया है जो उस स्थान से ज्यादा दूर नहीं है जहां 55 वर्ष पहले नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन उतरे थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि वहां ऐसी सैकड़ों और गुफाएं हो सकती हैं जिनका इस्तेमाल भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों के आश्रयस्थल के रूप में किया जा सकता है। इटली के वैज्ञानिकों की नेतृत्व वाली टीम ने पहली बार चांद पर 100 मीटर की गहराई वाले एक गुफा के बारे में खुलासा किया है। जिसे इंसानों के रहने के लिए आदर्श जगह माना जा रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ऐसी और भी गुफाएं हो सकती हैं। यह गुफा उस स्थान के पास बताया जा रहा है जहां नील आर्मस्ट्रांग और बज एलड्रिन 55 साल पहले उतरे थें। यह जगह अपोलो 11 के लैंडिग स्थल से केवल 250 मील यानी की 400 किलोमीटर दूर है। कहा जा रहा है कि यह गुफा लावा ट्यूब के ढहने की वजह से बना है। इस तरीके का सैकड़ों गुफा वहां मौजूद है।



### यह कहते हैं वैज्ञानिक

शोधकर्ताओं ने नासा के लूनार रीकानिसन्स ऑर्बिटर द्वारा जुटाए गए रडार आंकड़ों का विश्लेषण किया और इसके नतीजों की तुलना पृथ्वी पर स्थित लावा ट्यूब से की। इसके निष्कर्ष 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' पत्रिका में प्रकाशित किए गए हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार रडार के आंकड़ों से गुफा के शुरुआती बिंदु का ही पता है। उनका अनुमान है कि यह कम से कम 40 मीटर चौड़ी और 10 मीटर, संभवतः इससे भी अधिक लंबी है। ट्रेंटो विश्वविद्यालय के लियोनार्डो कैरर और लोरेंजो ब्रुजोन ने एक ईमेल में लिखा, "चंद्रमा की गुफाएं 50 से अधिक वर्षों से रहस्य बनी हुई थीं। इसलिए, आखिरकार उनमें से किसी एक के बारे में पता लगाना काफी रोमांचक था।" वैज्ञानिकों के अनुसार ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश गुफाएं चंद्रमा के प्राचीन लावा मैदानी क्षेत्र में हैं। इसी तरह की कुछ गुफाएं हो सकती हैं जहां इस दशक के अंत में नासा के अंतरिक्ष यात्री कदम रखेंगे।

## अफगानिस्तान में भारी बारिश, 40 लोगों की मौत; बस दुर्घटना में 17 की जान गई

**इस्लामाबाद(भाषा)।** पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और लगभग 350 लोग घायल हो गए। एक अन्य घटना में, एक मुख्य राजमार्ग पर बस के पलट जाने से 17 लोगों की मौत हो गई। तालिबान अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान अमर ने पुष्टि की कि नंगरहार प्रांत में सोमवार को आये तूफान के कारण 40 लोगों की मौत हो गई और 347 लोग घायल हो गए। प्रवक्ता के अनुसार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में सुर्ख रोड जिले के एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल हैं।

### केंद्र ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन

## पीएम मोदी अध्यक्ष और बेरी उपाध्यक्ष शिवराज, शाह, राजनाथ पदेन सदस्य

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन कर दिया है। इसमें सहयोगी दलों के वरिष्ठ मंत्रियों को भी जगह मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष तो सुमन के बेरी नीति आयोग के उपाध्यक्ष होंगे। डॉ. वीके सारस्वत, प्रोफेसर रमेश चंद्र, डॉ. वीके पॉल और अरविंद वीरमानी को पूर्ण कालिक सदस्य बनाया गया है। नीति आयोग के पदेन सदस्यों की बात करें तो इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का नाम शामिल है। इनके अलावा सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी, एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी, पंचायती राज मंत्री लल्लन सिंह, सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार, नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू, आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओराम, और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार राव इंद्रजीत सिंह को विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है।

### चुनाव हारने के बाद भी नहीं खाली किए आवास

## 200 सांसदों को छोड़ना होगा लुटियन का बंगला, सरकार ने थमाए नोटिस

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 में कई माननीयों की कुर्सी तो गई ही अब उनका आशियाना भी छिनने जा रहा है। केंद्र सरकार ने लुटियन जोन के शानदार बंगलों में रह रहे 200 से अधिक पूर्व सांसदों को घर खाली करने के नोटिस दिए हैं। नई लोकसभा में चुनकर आए नए सांसदों को अभी तक घर आवंटित नहीं हुआ है। घर की बाट जोह रहे सांसदों की कतार लंबी है। पुराने सांसद घर छोड़ेंगे तभी नए एमपी को दिल्ली में छत मिलेगी। पुराने सांसदों को एक महीने के भीतर घर खाली करने के लिए कहा गया है। लोकसभा हाउस कमेटी सांसदों को आवास आवंटित करती है तो केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत निदेशालय मंत्रियों को बंगले आवंटित करता है। अभी तक नये मंत्रियों को कोई बंगला आवंटित नहीं किया गया है। टाइप 8 बंगलों को कैबिनेट मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के जज, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व उपराष्ट्रपति और वित्त आयोग के अध्यक्ष को आवंटित किया जाता है।

### मेक इन इंडिया संकल्प को लगेंगे पंख

## रक्षा मंत्रालय ने जारी की 346 वस्तुओं की सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्रालय के उत्पादन विभाग ने मंगलवार को देश में निर्मित 346 वस्तुओं की सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इसके जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया संकल्प के साथ रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने, अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने, निवेश को बढ़ाने और सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) द्वारा आयात को कम करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि विभाग ने वर्ष 2020 में इस बाबत सृजन पोर्टल को लांच किया था। उसके बाद जारी की गई ऐसी चार सूचियों के जरिए 4 हजार 666 वस्तुओं के आयात पर रोक लगाई जा चुकी है। इनमें 2 हजार 972 का आयात प्रतिस्थापन मूल्य 3 हजार 400 करोड़ रुपए है। इन सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणलियां, सेंसर, हथियार और गोला बारूद शामिल हैं।

### आम बहस 24 से 30 सितंबर तक होगी

## मोदी संरा महासभा के सत्र को 26 सितंबर को करेंगे संबोधित


**संयुक्त राष्ट्र(भाषा)।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संभवतः 26 सितंबर को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय आम बहस 24 से 30 सितंबर तक होगी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमवार को जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, भारत के "राष्ट्राध्यक्ष" 26 सितंबर की दोपहर में उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे। यह अंतिम सूची नहीं है। संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय सत्र से पहले के सप्ताहों में वक्ताओं की अद्यतन अनंतिम सूची जारी करता है, ताकि नेताओं, मंत्रियों और राजदूतों की उपस्थिति, कार्यक्रम और उनके बोलने के समय में हुए हर प्रकार के बदलाव की जानकारी दी जा सके। ब्राजील इस चर्चा में परंपरागत रूप से प्रथम वक्ता होता है। वह 24 सितंबर को अपने संबोधन के साथ उच्च स्तरीय सत्र की शुरुआत करेगा।

### 15 से 98 वर्ष की आयु के 12,117 ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों पर किया सर्वे

# कमाई के प्रति रूढ़िवादी लोगों में कार्यस्थल पर अकेलापन अधिक

भाषा ▶▶ सिडनी

अकेलापन हर किसी को अलग-अलग समय पर प्रभावित करता है। हालाँकि यह बात ज्यादातर लोगों को मालूम है कि पुरुषों में भावनाओं के बारे में बात करने और मदद लेने की संभावना महिलाओं की तुलना में कम होती है, हमारे शोध में पाया गया कि पुरुषों की कार्य व्यवस्था इसके पीछे एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता हो सकती है। हमने पाया कि 40 के दशक के अंत वाली उम्र के पुरुषों में अकेलापन सबसे अधिक था, लेकिन यह अन्य समय में भी होता था, जो अक्सर इस बात पर निर्भर करता था कि वे अपने करियर और आय को कैसे देखते हैं। इससे पता चलता है कि कार्यस्थल की सामाजिक अपेक्षाएं पुरुषों के अकेलेपन के अनुभवों में महत्वपूर्ण हैं।



### अकेलेपन को मापना

हमारे निष्कर्ष ऑस्ट्रेलिया में घरेलू, आय और श्रम गतिशीलता सर्वेक्षण के लिए 19 वर्षों से अधिक समय से एकत्र किए गए 15 से 98 वर्ष की आयु के 12,117 ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों के वार्षिक डेटा के विश्लेषण पर आधारित हैं। हमने एक प्रश्न पर पुरुषों की प्रतिक्रियाओं की जांच करके अकेलेपन को मापा, जिसमें पूछा गया था कि क्या वे इस कथन से सहमत हैं: ३मैं अक्सर बहुत अकेला महसूस करता हूं३। प्रतिक्रियाएं एक अंक (पूरी तरह असहमत) से लेकर सात अंक(पूरी तरह सहमत) तक थीं।

### कार्य की भूमिका

यह देखते हुए कि अकेलापन एक सामाजिक समस्या है, हमें पुरुषों के सामाजिक रिश्तों में समस्याएं पाकर आश्चर्य नहीं हुआ, खासकर उनके रोमांटिक रिश्ते, दोस्ती और पारिवारिक रिश्ते अकेलेपन से जुड़े थे। हालाँकि, हमें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि काम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जो पुरुष बेरोजगार थे या असुरक्षित नौकरियों में थे, उन्होंने स्थिर रोजगार वाले लोगों की तुलना में अधिक अकेलेपन का अनुभव किया। नौकरी छूटने से किसी व्यक्ति की पहचान प्रभावित हो सकती है और काम द्वारा सामाजिक संपर्क सीमित हो सकते हैं। बेरोजगारी भी आय को सीमित करती है, जिससे सामाजिक गतिविधियों का खर्च उठाना कठिन हो जाता है। असुरक्षित ३गिग३ कार्य, अक्सर अप्रत्याशित और अकेले बिताए गए लंबे घंटों के कारण, कार्य-जीवन संतुलन को बाधित करता है और लोगों को अलग-थलग कर सकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25